हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024



## खबर संक्षेप

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस 2 में 22 से श्रीमद् भागवत कथा



**राजनांदगांव।** गौरांश विला रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस-2 राजनांदगांव में आगामी 22 से 29 दिसंबर तक 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्व. अनिल कुमार सार्वा एवं स्व. श्रीमती निर्मलाकांत सार्वा की पुण्य स्मृति में आयोजित की जा रही है। कथा व्यास परम पूज्य आचार्यश्री श्याम उपाध्याय श्री आयोध्या धाम उत्तरप्रदेश के मुखारविंद एवं पं. आचार्यश्री अनिल तिवारी पनेका वाले की उपस्थिति में प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 7 बजे तक होने जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ-साथ भागवत कथा का आरंभ होगा। वहीं प्रथम दिवस गोकर्ण उपाख्यान, द्वितीय दिवस भीष्म स्तुति, शुकदेव आगमन, तृतीय दिवस सृष्टि प्रकरण, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, चतुर्थ दिवस प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन चरित्र, संक्षिप्त श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, षष्टम दिवस रासलीला, मथुरा गमन, कंस उद्धार, गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण रूख्मणी विवाह, सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, मथा विश्राम तथा अंतिम व अष्टम दिवस गीता पाठ, तुलसी वर्षा एवं हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी भंडारा किया जाएगा। उक्त आयोजन लोकेश कुमार-श्रीमती शैलेन्द्र साहू एवं परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

### कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**मोहला।** सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का थाना मोहला के पीछे स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कल 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिलाओं की 167 टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा सहित जिले के प्रमुख सम्माननीय गणमान्य एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### आरक्षण के साथ ही शुरू हो जाएगी वार्डों में दावेदारों की हलचल, जिले के सभी निकाय में प्रक्रिया पूरी

# आरक्षण के फेर में फंसे कई दिग्गज, महापौर और नेता प्रतिपक्ष के वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी कर ली गई है। जिले के सभी पांच निकाय के 120 वार्डों में आरक्षण तय हो गया है। राजनांदगांव नगर निगम में कई बड़े नेता आरक्षण के फेर में फंस गए हैं। उनके वार्डों में आरक्षण के चलते वे अपने वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। वहीं मौजूदा महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष के वार्ड भी महिलाओं के लिए आरक्षित हो गए हैं। लॉटरी पद्धति से किए गए आरक्षण प्रक्रिया के दौरान काफी गहमा-गहमी भी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि आगामी दिनों में शहरी सरकार चुनने के लिए चुनाव कराए जाने हैं। इससे पहले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह महापौर, नपा एवं नपं अध्यक्षों का आरक्षण भी पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में अब जमीनी स्तर पर चुनावी रंग दिखने लगा है। इधर आरक्षण प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत सभाकक्ष में भाजपा, कांग्रेसी नेताओं के अलावा पार्षद चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे अन्य लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली। सबसे पहले डोंगरगांव, छुरिया एवं एलबी नगर नगर पंचायत के वार्डों का आरक्षण किया गया। इसके बाद डोंगरगढ़ नगर पालिका के वार्ड की बारी आई। सबसे अंत में राजनांदगांव नगर निगम के वार्डों का आरक्षण तय किया गया। आरक्षण प्रक्रिया दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक जारी रही।




**नगर पालिका डोंगरगढ़** - कुल 24 वार्ड। वार्ड क्रं - 07 एसटी, 21 एसटी महिला ), - वार्ड क्र - 02 एससी, 05 एससी महिला ), 09, 10, 14( महिला ) ओबीसी - वार्ड क्र - 01 ( महिला ) , 16 , 22 , 23 , 24( महिला ) अनारक्षित सामान्य - वार्ड क्र - 03 अनारक्षित , 04 अनारक्षित ,06 अनारक्षित , 08 अनारक्षित , 11 अनारक्षित , 12 अनारक्षित महिला , 13 अनारक्षित ,15 अनारक्षित महिला ) , 17 अनारक्षित , 18 अनारक्षित महिला , 19 अनारक्षित , 20 अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है।

**नगर पंचायत छुरिया** - कुल 15 वार्ड - वार्ड क्र 13 एसटी महिला , एसटी 14, एसटी 15 - वार्ड क्र 01 वार्ड क्र - 03 ओबीसी, 04 ओबीसी महिला , 11 ओबीसी। अनारक्षित वार्ड क्र - 02 अनारक्षित 05 अनारक्षित 06 अनारक्षित 07 अनारक्षित महिला , 08 अनारक्षित, 09 अनारक्षित महिला , 10 , 12 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

**एलबीनगर नगर पंचायत** - कुल 15 वार्ड - वार्ड -11 एससी वार्ड -1 ओबीसी ,2 ओबीसी ,3 ओबीसी महिला 4 ओबीसी, 7 ओबीसी 14 ओबीसी महिला। वार्ड अनारक्षित 5 , 6 अनारक्षित महिला ) ,8 अनारक्षित 9 अनारक्षित 10 अनारक्षित महिला ,12 अनारक्षित महिला ,13 अनारक्षित ,15 अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है।

**डोंगरगांव नगर पंचायत**- कुल 15 वार्ड - वार्ड -2 एसटी महिला , 12 एसटी - वार्ड -1 एससी महिला , 9 एससी - वार्ड -6 ओबीसी महिला ,11 ओबीसी ,13 ओबीसी। अनारक्षित - वार्ड -3 अनारक्षित, 4 अनारक्षित ,5 अनारक्षित ,7 अनारक्षित ,8 अनारक्षित महिला ,10 अनारक्षित ,14 अनारक्षित, 15 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

| वार्ड | वार्ड का नाम | मतदाता | आरक्षण | वार्ड | वार्ड का नाम | मतदाता | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बजरंगपुर वार्ड | 3198 | अनारक्षित | 27 | सुभाष वार्ड | 2390 | अनारक्षित |
| 2 | महात्मा बुद्ध वार्ड | 2053 | ओबीसी | 28 | तिलक वार्ड | 1367 | अनारक्षित |
| 3 | मोतीपुर वार्ड | 2448 | एससी | 29 | विवेकानंद वार्ड | 1690 | अनारक्षित महिला |
| 4 | पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड | 3106 | एससी | 30 | कैलाश वार्ड | 2420 | ओबीसी |
| 5 | चिखली वार्ड | 2743 | अनारक्षित महिला | 31 | जनता कॉलोनी वार्ड | 1502 | ओबीसी महिला |
| 6 | शासकीय मुद्राणालय वार्ड | 3327 | ओबीसी | 32 | संजय वार्ड लखोली | 2322 | अनारक्षित महिला |
| 7 | महात्मा गांधी वार्ड | 2863 | एससी महिला | 33 | बैगापारा वार्ड | 2287 | अनारक्षित |
| 8 | रामनगर वार्ड | 2566 | अनारक्षित | 34 | कन्हारपुरी वार्ड | 3330 | अनारक्षित महिला |
| 9 | शंकरपुर वार्ड | 3456 | अनारक्षित महिला | 35 | लखोली वार्ड | 2171 | ओबीसी |
| 10 | महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड | 3404 | अनारक्षित | 36 | सेठी नगर वार्ड | 2401 | अनारक्षित |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | 2585 | एससी | 37 | महावीर वार्ड | 2978 | अनारक्षित |
| 12 | डॉ.भीमराव अंबेडकर वार्ड | 3943 | एससी | 38 | दिग्विजय वार्ड | 2633 | अनारक्षित महिला |
| 13 | गौरीनगर वार्ड | 2470 | ओबीसी | 39 | हीरामोती वार्ड | 3117 | अनारक्षित |
| 14 | बलराम दास वार्ड | 1784 | अनारक्षित | 40 | गुरू घासीदास वार्ड | 2374 | एससी महिला |
| 15 | डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र वार्ड | 2715 | ओबीसी | 41 | झूलेलाल वार्ड | 2518 | ओबीसी |
| 16 | ठाकुर प्यारे लाल वार्ड | 4297 | अनारक्षित | 42 | राजीव वार्ड | 2457 | ओबीसी महिला |
| 17 | तुलसीपुर वार्ड | 1471 | अनारक्षित | 43 | सर्किट हाऊस वार्ड | 2452 | ओबीसी महिला |
| 18 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | 2655 | ओबीसी महिला | 44 | कौरिनभाठा वार्ड | 2477 | एसटी |
| 19 | वर्धमान नगर वार्ड | 1608 | अनारक्षित महिला | 45 | रामकृष्ण वार्ड | 4058 | ओबीसी |
| 20 | रविदास वार्ड | 2888 | एसटी | 46 | बसंतपुर वार्ड | 2663 | ओबीसी |
| 21 | मेडिकल वार्ड | 2657 | एसटी महिला | 47 | मोहारा वार्ड | 2321 | अनारक्षित |
| 22 | रेवाडीह वार्ड | 2647 | अनारक्षित महिला | 48 | नंदई वार्ड | 2963 | ओबीसी |
| 23 | स्टेडियम वार्ड | 2926 | अनारक्षित | 49 | मोहड़ वार्ड | 1936 | अनारक्षित |
| 24 | गुरूगोविंद सिंह वार्ड | 2686 | अनारक्षित | 50 | रानी जोतकुंवरबाई सिंगदई वार्ड | 2007 | ओबीसी |
| 25 | शीतला माता वार्ड | 3187 | अनारक्षित महिला | 51 | शिवनाथ हल्दी वार्ड | 2318 | अनारक्षित |
| 26 | सूर्यमुखी वार्ड | 2842 | ओबीसी महिला | | वार्ड क्रमांक 28 एवं 30 में एक एक थर्ड जेंडर मतदाता है। | | |

### लॉटरी से तय हुआ आरक्षण

आरक्षण लॉटरी पद्धति से किया गया। सबसे पहले आबादी अनुसार छह एससी और तीन एसटी के वार्डों को आरक्षित किया गया। इनमें फिर दो एससी एवं एक एसटी महिलाओं के लिए आरक्षण की प्रक्रिया की गई। जिसके बाद शेष वार्डों में से 16 पर्ची निकालकर ओबीसी आरक्षित किया गया। ओबीसी 16 वार्ड में से पांच को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया। शेष सभी वार्डों में से पिछले आरक्षण को ध्यान में रखते छह वार्ड की पर्ची हटाकर बाकी में से महिलाओं के लिए 9 पर्ची निकालकर उन्हें अनारक्षित महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया।

### इन नेताओं के वार्ड प्रभावित

कांग्रेस और भाजपा के करीबन दर्जनभर नेता आरक्षण के फेर में फंस गए हैं। इनमें नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु का वार्ड क्रमांक 19 महिला आरक्षित हो गया है। कांग्रेसी पार्षदों में संतोष पिल्ले, गणेश पवार, विनय झा, अमीन हुद्दा, मधुकर बंजारी, महेश साहू, ऋषि शास्त्री जैसे नेताओं को दूसरे वार्ड में अपनी संभावनाएं तलाशनी होगी। वहीं भाजपा पार्षदों में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, शिव वर्मा, गप्पू सोनकर, शरद सिन्हा, राजेश जैन जैसे नेताओं को दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ना होगा।

## नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के वार्डों का किया गया आरक्षण

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के 15 वार्डों का भी आरक्षण गुरुवार को किया गया। इसमें अनुसूचित जाति मुक्त के लिए 01 वार्ड आरक्षित किया गया गया है। अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए 02 वार्ड, अनुसूचित जनजाति महिला के लिए 01 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए 02 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 01 वार्ड, अनारक्षित मुक्त के लिए 05 वार्ड एवं अनारक्षित महिला के लिए 03 वार्ड आरक्षित किया गया है। आरक्षण उपरांत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए आरक्षण इस प्रकार से है। वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड को अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 02 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 03 गुरु घासीदास वार्ड को अनुसूचित जाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 04 डॉ. अंबेडकर वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 05, दंतेश्वरी वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 06 रानी दुर्गावती वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 07 फिरतिनबाई को सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड क्र. 08 भगत सिंह वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए, वार्ड क्र. 09 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 10 रामधुरी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 11 लोकमान्य तिलक वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्र. 12 सरदार पटेल वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 13 सुभाषचंद्र वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्र. 14 इंदिरा गांधी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 15 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश सिंह ठाकुर, ड्यूटी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सारस्वत, पुरुषोत्तमलाल साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छुईखदान-गंडई नपं में 5-5 वार्ड महिलाओं के खाते में

**खैरागढ़।** जिले के छुईखदान और गंडई नगर पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कलेक्टोरेट में वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हुई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की मौजूदगी में लॉट माध्यम में लॉटरी सिस्टम से आरक्षण प्रक्रिया हुई। जिसमें छुईखदान नगर पंचायत में बाबा साहब अंबेडकर वार्ड 13 अनुसूचित जाति, ऋतुपर्ण किशोर दास वार्ड 3 अनुसूचित जनजाति के लिए और राजमाता मोहन कुंवर वार्ड एक, अब्दुल कलाम वार्ड 4, राजीव गांधी वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित हुआ। वहीं डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड 9, तिलक वार्ड 10, शिवाजी वार्ड 12, इंदिरा गांधी वार्ड 14 और महाराणा प्रताप सिंह वार्ड 15 सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित हुआ। जबकि सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड 2 और महात्मा गांधी वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला कोटे से और जवाहरलाल नेहरू वार्ड 6, संजय गांधी वार्ड 7 और शहीद भगत सिंह वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया। गंडई नगर पंचायत में कबीर साहेब वार्ड 1, संजय गांधी वार्ड 2, महात्मा गांधी वार्ड 3, मां गंगई वार्ड 7, विवेकानंद वार्ड 10 और शहीद भगत सिंह वार्ड 13 अनारक्षित, इंदिरा गांधी वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, गुरू घासीदास वार्ड 8 और डॉ. अंबेडकर वार्ड 15 अनुसूचित जाति, राजीव गांधी वार्ड 11 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हुआ। जबकि बूढ़ादेव वार्ड 4 और कैलाश नगर वार्ड 6 अनारक्षित वर्ग, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 9 अन्य पिछड़ा वर्ग, जवाहरलाल नेहरू वार्ड 12 अनुसूचित जनजाति और शिव मंदिर वार्ड 14 अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित हुआ है। 2011 की जनगणना, वार्डवार जनसंख्या की स्थिति, पुराने चुनाव के दौरान हुए आरक्षण जैसे अन्य प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते एडीएम सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिती में आरक्षण प्रक्रिया को पूरा कराया।

# कांग्रेस भवन की दुकानें तोड़े जाने पर गहमा-गहमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जयस्तंभ चौक पर स्थित जर्जर कांग्रेस भवन की दुकानों को तोड़े जाने की प्रक्रिया एक बार फिर आज सुबह शुरू करते ही यहां व्यापारी और नेताओं के बीच जमकर बहस शुरू हो गई। इस दौरान माहौल गरमाता देख पुलिस भी मौके पर पहुंची। नेताओं ने व्यापारियों को समझाईश दी, लेकिन व्यापारी यहां की दुकान तोड़ने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी दुकान पर ही सत्याग्रह शुरू कर दिया।

कांग्रेस भवन की दुकान तोड़े जाने को लेकर व्यापारियों और कांग्रेस नेताओं के बीच लंबी बातचीत और बहस का दौर चला आ रहा है। कांग्रेस द्वारा जर्जर भवन तोड़े जाने के दौरान भी व्यापारी इसका विरोध करते रहे। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंच गया।

⏩ शेष पेज 12 पर



### सुबह से देर रात तक चलता रहा विवाद

कांग्रेस भवन तोड़े जाने के मामले को लेकर सुबह से रात तक व्यापारियों और कांग्रेसियों के बीच रूक-रूककर विवाद की स्थिति निर्मित होती रही। सुबह दुकान तोडे जाने के मामले के बहस के बाद दोपहर विद्युत विभाग के कर्मचारी बुलाकर दुकानों की लाइट कटाए जाने के मामले में एक बार फिर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। वहीं देर शाम स्टे के मामले में भी झगड़े की स्थिति निर्मित होती रही।

### तोड़फोड़ पर न्यायालय से मिला स्टे

व्यापारियों के अनुसार वे इस जगह पर कई पीढियों से काबिज हैं और उनकी जीविका इसी दुकान से चल रही है। दुकानदारों ने कांग्रेस भवन से पहले उन्हें दुकान बनाकर देने की मांग भी रखी थी। वहीं कांग्रेस पदाधिकारी के साथ बैठक में भी बात नहीं बनी। कांग्रेस द्वारा भवन निर्माण के लिए तोड़फोड़ कराए जाने को लेकर व्यापारियों ने न्यायालय की शरण ली और देर शाम इस मामले में न्यायालय भाड़ा नियंत्रण अधिकारी से अस्थाई स्टे लाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई रूकवाने में व्यापारी सफल रहे।

# अवैध रूप से उर्वरक खाद निर्माण, फरार मुख्य आरोपी महाराष्ट्र से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से उर्वरक खाद निर्माण करने के मामले में फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 जुलाई 2023 को प्रार्थी जीवनलाल चंद्रवंशी 42 साल साकिन वार्ड नं. 01 कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक विकासखंड डोंगरगढ़ द्वारा थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी सुजीत धूत 55 साल साकिन ग्राम मरोडी तहसील अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र एवं श्रुति त्रिवेदी पति मनुराज 44 साल साकिन बधियाटोला डोंगरगढ़ द्वारा मनीष राठी निवासी डोंगरगढ़ के मकान में बिना अनुमति एवं बिना लाईसेंस के उर्वरक खाद का निर्माण किया जा रहा है, जो कि छग में वैध नहीं है एवं आरोपी के कब्जे से 1921 किलो नकली उर्वरक खाद को जब्त किया गया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा- 3, 7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस के अनुसार विवेचना दौरान आरोपिया श्रुति त्रिवेदी को 7 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकरण के मुख्य आरोपी सुजीत धूत अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी पता तलाश हेतु थाना डोंगरगढ़ से टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु महाराष्ट्र टीम रवाना किया गया, जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा जिला अकोला महाराष्ट्र के थाना खदान पहुंचकर आरोपी के दिए पते पर जाकर रेड कार्रवाई कर आरोपी सुजीत धूत के पकड़े। आरोपी पुलिस के गिरफ्तार के डर से छिपा हुआ था।

### अकोला से पकड़ाया



आरोपी सुजीत धूत 55 वर्ष वार्ड क्र. 2 थाना बोरगांव मंजू तहसील अकोला हाल फ्लैट नं. 302 गणेशा रेसीडेंसी गिरीनगर गौरक्षण रोड थाना खदान जिला अकोला महाराष्ट्र से अवैध रूप से उर्वरक खाद बनाने के संबंध में पूछताछ किया, जो वैध दस्तावेज पेश नहीं किया, जिस पर आरोपी को 19 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर किया गुमराह, मामले का खुलासा

# दो करोड़ रुपए की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर प्रार्थी को वर्षों घुमाते रहने एवं 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक इंद्रकुमार अदानी की शिकायत पर अनावेदकगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना में पाया गया कि फगुवाराम गणेशराम ने पक्का इकरारनामा को शून्य कराए बिना पटवारी हल्का नं. 27 (1) खसरा नं 152/1 रकबा 1 डिसमील (2) खसरा नं. 154/1 रकबा 10 डिसमील (3) खसरा नं. 154/2 रकबा 9 डिसमील (4) खसरा नं. 145/2 रकबा 1.50 एकड़ (5) खसरा नं. 145/3 रकबा 45 डिसमील कुल रकबा 2.11 एकड जमीन को तृतीय पक्ष को आवेदक के जानकारी एवं ज्ञान के बिना तथ्यों को बेईमानी से छुपाते हुए किसी अन्य को 16 जनवरी 2023 को बिक्री कर दिया।

इसी प्रकार परसराम, हरिशंकर, दादूराम सोनकर छल करने के लिए पटवारी हल्का नं. 27, खसरा नं. 145/4 रकबा 1.50 एकड़ भूमि को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज नंदई राजनांदगांव को दान में देने के लिए आम सूचना पेपर में प्रकाशित करवाया, जिस पर आवेदक ने आपत्ति दर्ज करवाया है।



### आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मामले की गंभीरता को देखते आरोपीगण को जल्द गिरफ्तार करने हेतु जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन द्वारा आरोपी की पता तलाश हेतु टीम गठित कर आरोपी हरिशंकर सोनकर ऊर्फ झारराय पिता परसराम सोनकर 60 वर्ष निवासी बसंतपुर माहामाया चौक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में रिमांड पर भेजा गया।

**योजनाबद्ध तरीके से किया अपराध:** शिकायत जांच पर अनावेदकगण हरिशंकर सोनकर, फगुवाराम सोनकर, गणेशराम सोनकर, दादूराम सोनकर, परसराम सोनकर ने एक राय होकर छल करने की नियत से योजनाबद्ध तरीके से आवेदक इंद्रकुमार अदानी से दो करोड़ दो लाख रुपए कपटपूर्वक बेईमानी से आरोपी एक परिवार के सदस्य होकर आपराधिक षडयंत्र रचकर एग्रीमेंट कराए और एग्रीमेंट शुदा जमीन को रजिस्ट्री न कर उक्त जमीन को अन्य को बिक्री कर दिए तथा शेष जमीन को दान में देने के लिए ईश्तहार प्रकाशन किए। अपराध से बचने के लिए जब इन्हें ज्ञात हुआ कि क्रेता आवेदक इंद्रकुमार अस्पताल में है तो रजिस्ट्री पत्र के माध्यम से सूचना दिए, ताकि उक्त कृत्य से बच सके।

### माय एंगल






## खबर संक्षेप

### जन्मदिवस पर न्योता भोज आयोजित



**जेवरतला रोड।** प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला चेन्दरीबन नवागाँव में शिक्षक अश्वनी देवांगन ने न्यौता भोज का आयोजन किया। इस मौके पर बच्चों को मिक्चर, केला, पेड़ा खिलाया गया। इस अवसर पर कोमलचंद आर्य, चन्द्रभूषण साहू, गोमती पटेल, सन्नी देवांगन, नीलम साहू, चैतन्य देवांगन, मोनिका ठाकुर, कविता ठाकुर उपस्थित थे।

### 36 हजार के सामान की चोरी




**गंडई पंडरिय।** छिराहीडीह के बुधारू निषाद के घर से रात को चोरी हो गई। चोर घर में रखे सोने-चांदी के जेवरात और नकदी लेकर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार बुधारू निषाद और परिजन रात को खाना खाकर सो गए थे। सुबह जब उनकी पत्नी उठी तो उसने देखा कि घर में रखी लोहे की पेटी गायब है। पेटी में सोने के खिनवा, सोने की पत्ती, चांदी की चाबी, चांदी की पायल और नकदी रकम रखा था। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर का चैनल गेट तोड़कर प्रवेश किया और कमरे का दरवाजा खोलकर पेटी ले गए। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 36 हजार है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

### क्रिकेट स्पर्धा में कुटेली टीम विजेता



**सड़क अतरिया।** संड़ी में क्रिकेट टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का आयोजन किया गया। समापन के मुख्य अतिथि किसान नेता खम्हन ताम्रकार, विशिष्ट अतिथि सोसाइटी अध्यक्ष ओमप्रकाश जंघेल, गोरेलाल जंघेल, खेलन वर्मा, प्रकाश वर्मा, गोलू वर्मा, सरपंच कैलाश जंघेल, रोशन जंघेल, दूजे वर्मा, दिलीप जंघेल, रामा थे। समापन अवसर पर श्री ताम्रकार ने विजेता टीम एवं उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए कहा कि हुनर बाज खिलाडी को स्पर्धा में जीत हार की परवाह न कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करना चाहिए। स्पर्धा में 32 टीमों ने हिस्सा लिया था। कुटेली टीम विजेता तथा उदयपुर टीम उपविजेता बनी जिन्हे क्रमशः 15000, 7000 रूपए एवं शील्ड दिया गया। तीसरे एवं चौथे स्थान पर पथरी और गातापार की टीम को 5000, 3 हजार दिया दिया गया। कार्यक्रम में नरेश, हेमसिंग वर्मा, मदन वर्मा, अगनु, सूरज वर्मा, विशेषर वर्मा, रमेश्वर वर्मा, नरसिंग जंघेल, राजेन्द्र, सुमीत वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, वीरेन्द्र, सुरेन्द्र, गौरव, मनीष, भूपेन्द्र, मोनू, मुकेश, राहुल, अतुल, रूपू, किशोर वर्मा, हमलेश, धीरज, प्रमोद, कुनाल सहित अन्य उपस्थित थे।

### निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत



**सड़क अतरिया।** धान उपार्जन केन्द्र विचारपुर में लाखों की लागत से निर्माणाधीन कबीर कुटीर में गड़बड़ी पर ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकुमार पटेल ने मंडी बोर्ड एवं कलेक्टर से शिकायत किया है। उन्होंने बताया कि धान उपार्जन केन्द्र विचारपुर में मंडी बोर्ड द्वारा साढ़े तेरह लाख की लागत से कबीर कुटीर का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण में जमकर लापरवाही बरतते हुए गुणवत्ताहीन मटेरियल का प्रयोग किया जा रहा है जिसके चलते छत का मलबा गिर गया है। छत से सरिया बाहर निकल आई है। छत का बीम झुक गया है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण में पानी की तराई करने में लापरवाही बरता जा रहा है।

### भरदा गोड़ में कबड्डी स्पर्धा आज

**सड़क अतरिया।** भरदा गोड़ में कबड्डी टीम एवं ग्रामीणों के सहयोग से कल 20 दिसम्बर को रात्रिकाल कबड्डी स्पर्धा का आयोजन रखा गया है। स्पर्धा में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा शामिल होगी। अध्यक्षता पूर्व विधायक गिरवर जंघेल करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोतीलाल जंघेल, रामकुमार पटेल, अशोक जंघेल, हेमंत वैष्णव, बलदाऊ जंघेल, प्रमोद सिंह ठाकुर, कैलाश वर्मा, पोषण कोसरे, राजेश जंघेल, केदार जंघेल, हिरामन जंघेल शामिल होंगे। विजेता टीम को 10 हजार एवं उपविजेता को 7 हजार दिया जाएगा।

### अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन



**कलकसा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रांत स्तरीय आगामी 3 जनवरी से राजनांदगांव में आयोजित होने वाला है। इस अधिवेशन में राज्य के 28 जिलों के 1000 से अधिक प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। अधिवेशन में शामिल होने वाले जिलों के प्रतिनिधित्व और छात्र-छात्राएं शिक्षा व्यवस्था पर सामूहिक चिंतन मनन कर आगे बढ़ते हैं। अधिवेशन के पोस्टर का विमोचन गत दिनों प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा, चांदना श्रीवास्तव, अमन बृज नामदेव, अक्षत श्रीवास्तव की उपस्थिति में किया गया।

### रिया को नलिनी ने दी बधाई



**डोंगरगढ़।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग की प्रदेश उपाध्यक्ष नलिनी मेश्राम एवं डॉ आंबेडकर मिशन आश्रम के संचालक एसजी मेश्राम ने रिया गणवीर के सिविल जज बनाने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया है। उन्होंने पिता राजेश गणवीर एवं माता की भी प्रशंसा किया।

## चरमराने लगी धान की सरकारी खरीदी

# खरीदी 3 लाख क्विंटल की उठाव हुआ मात्र 6 फीसदी



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

जिला सहकारी बैंक के अधीन आने वाली सेवा सहकारी समितियों में 14 नवंबर से धान खरीदी किया जा रहा है। करीब एक महीने से लगातार खरीदी होने के बाद प्रशासन अब तक धान के परिवहन का पुख्ता इंतजाम नहीं कर पाया है जिसके चलते अब जाम के हालत बन गए है।

जानकारी के अनुसार 13 समितियों में अब तक 303194 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है जिसमें से मात्र 18625 क्विंटल धान का परिवहन हुआ है। जानकारी के अनुसार अधिकांश सेवा सहकारी समितियों में अब धान के भंडारण की समस्या गहराने लगी है जिससे खरीदी बाधित होने की आशंका व्यक्त किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार यह हालत परिवहन के अपेक्षित गति नहीं पकड़ने के कारण बनी है। जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति डोंगरगांव में अब 26625, घुघवा में 28426, अर्जुनी में 27230, दीवानभेड़ी में 30336, कोकपुर में 35733, खुर्सीटिकुल में 28465, आमगांव में 21802, बादराटोला में 28664, आतरगांव में 16908, कुमरदा में 23632, चिरचारीकला में 9852, चारभांठा कु में 15352 और धनगांव में 10164 क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है।

### मिलर्स परिवहन करने में सुस्त

जानकारी के अनुसार सभी खरीदी केन्द्रों में लगातार धान की खरीदी होने के बाद मिलर्स ने अब तक धान का परिवहन शुरू नहीं किया है। वर्तमान में जिस तरीके से परिवहन किया जा रहा है उससे भंडारण की समस्या और गहराने के आसार दिखाई दे रहे हैं। कहा जा रहा है कि आने वाले दिनों में धान का परिवहन तेज नहीं किया गया तो अधिकांश खरीदी केन्द्रों में खरीदी बाधित हो सकती है।



### सता रहा सूखत का डर

महीने भर में हर सोसाइटी में क्षमता से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। अब सोसाइटियों में धान के रखने की जगह नहीं है। धान की खुले में रखे होने से प्रबंधकों के समक्ष सूखत की समस्या खड़ी होने लगी है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही के कारण धान जाम हो गया है और उन्हे भविष्य में वजन कम होने पर कीमत की भरपाई करने मजबूर किया जाएगा।

### चार केन्द्रों में परिवहन शुरू नहीं

जानकारी के अनुसार मार्कफेड ने अब तक मात्र 18625 क्विंटल धान का उठाव किया है जबकि मिलर्स ने अब उठाव की बोहनी तक नहीं किया है। जानकारी के अनुसार डोंगरगांव से 3210, अर्जुनी से 800, दीवानभेड़ी से 1260, कोकपुर से 3595, खुर्सीटिकुल से 720, आमगांव से 800, बादराटोला से 3700, आतरगांव से 2700, कुमरदा से 1840 क्विंटल धान का उठाव हुआ है। वहीं घुघवा, चिरचारीकला, चारभांठा कु और धनगांव से 11 दिसंबर तक धान के परिवहन की शुरूवात नहीं हुई है।



## विधायक ने किया भवन लोकार्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुमड़ीबोड़

विधायक दलेश्वर साहू ने दीवान झिटिया में साहू समाज, यादव समाज के भवन, माता मंदिर भवन, मंच आदि का लोकार्पण किया। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने की। विशेष अतिथि जनपद सदस्य मीनाक्षी देशलहरे, अमरनाथ साहू, हेमंत साहू थे। विधायक साहू के ग्राम पहुंचने पर यादव समाज ने राउत नाच से स्वागत किया। पूजा अर्चना कर सामाजिक भवन व अन्य निर्माण का लोकार्पण किया गया। इस दौरान बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुत किया। इस मौके पर श्री साहू ने कहा कि वह विपक्ष का विधायक होने का एहसास जनता को होने नही देंगे और बचे कार्यों के लिए संघर्ष कर पैसो की व्यवस्था किया जाएगा। जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू ने जनपद पंचायत द्वारा कराए गए कार्यों की जानकारी दिया। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू, थनवार साहू, सरपंच राजूलाल यादव ने भी संबोधित किया।संचालन सेवक सिन्हा, विजय सिन्हा एवं सियाराम सिन्हा तथा आभार प्रदर्शन पंचायत सचिव डेरहाराम साहू ने किया।

### तुमडीबोड में लोकार्पण 21 को

तुमडीबोड में नवनिर्मित पटेल समाज, परिक्षेत्रीय साहू समाज के भवन सहित अन्य निर्माण का लोकार्पण विधायक दलेश्वर साहू के आतिथ्य में आगामी 21 दिसम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य महेंद्र यादव, जनपद अध्यक्ष टिकेश साहू, जनपद सदस्य भुनेश्वरी साहू सहित अन्य शामिल होंगे।

## एकेश साहू को मिली डॉक्टोरेट की उपाधि



**तुमड़ीबोड़।** बोदेला निवासी एकेश कुमार साहू को ख्याति प्राप्त गोविंदवल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय पंतनगर ने डाक्टरेट की उपाधि दी है। उन्हे यह उपाधि उन्हे मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी विषय पर दिया गया है। उन्होंने शोध कार्य रिमोट सेंसिंग एवं जियो स्पेशल टेक्नीक्स के माध्यम से कृषि सूखे की आंकलन पर था। उन्होने शोध कार्य प्रो अनिल कुमार, हेड आफ डिपार्टमेंट मृदा एवं जल संरक्षण अभियांत्रिकी के मार्गदर्शन में पूर्ण किया। वह जिला साहू संघ राजनांदगांव के पूर्व महामंत्री अमरनाथ साहू के सुपुत्र हैं।

### राजनीतिक लाभ के लिए माता देवाला यात्रा



**डोंगरगढ़।** जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष गिरवर साहू ने माता देवाला यात्रा के दौरान करमतरा में हुए विवाद पर कहा कि विधायक दलेश्वर साहू ने माता देवाला यात्रा निकाला जिसका समापन विवाद के साथ होने से क्षेत्रवासियों को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के ही लोगों ने शराब पीकर माहौल खराब किया और पुलिस को बंधक बना लिया। उन्होंने कहा कि माता देवाला यात्रा निकालने के बजाए विधायक सड़क, पुल, पुलिया, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा पर ध्यान देते तो लोगों का भला होता। उन्होंने कहा कि करमतरा की घटना शर्मसार करने वाली है।

## भिलाई और राजनांदगांव की कबड्डी टीम विजेता



**डोंगरगांव।** छुईखदान में आजाद युवा स्टार क्लब एवं ग्रामवासियों ने रात्रिकालीन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम राजनांदगांव, द्वितीय डोंगरगढ़, तृतीय रायपुर तथा चतुर्थ स्थान पर बालोद की टीम रही। विजेता टीमों को क्रमशः 7000, 5000 तथा 3000 दिया गया। पुरुष वर्ग में प्रथम भिलाई, द्वितीय बम्हनी, तृतीय देवरी बालोद एवं चतुर्थ स्थान पर डोंगरगढ़ की टीम रही। उन्हे 11 हजार, 7 हजार और 4 हजार दिया गया। कार्यक्रम में शामिल होकर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से विजेता खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर भविष्य में जीत के तैयारी करने का आव्हान किया।

## वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला



**एलबी नगर।** स्थानीय कुंज बिहारी चौबे महाविद्यालय एवं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता कार्यशाला का आयोजन किया गया। तीसरे दिन के प्रथम सत्र में एक्सिस बैंक के प्रबंधक अभिषेक शर्मा ने बैंकिंग सर्विस की जानकारियां दिया।

प्रश्न काल में छात्र-छात्राओं ने एटीएम कार्ड, बीमा, डीबीटी, बारकोड, आधार लिंकिंग, केसीसी, एजुकेशनल लोन आदि के बारे में पूछा जिसके जवाब शाखा प्रबंधक ने सरल शब्दों में दिया। सहायक प्राध्यापक डॉ मनोज रंगारी ने वित्तिय जोखिम, आर्थिक मंदी पर विस्तार से चर्चा किया।

कार्यशाला के समापन समारोह में मुख्य अतिथि डॉ एलएस गजपाल, विशिष्ट अतिथि डॉ के गजपाल थे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ आरके ठाकुर ने की। डॉ गाजपाल ने प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को ब्रांड एम्बेसडर बनकर जनसमुदाय तक वित्त साक्षरता की जानकारी पहुंचाने प्रोत्साहित किया। अंत में प्रशिक्षित छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यशाला में डॉ हेमलता गायकवाड, सोनल नागवंशी, रीना सलामे, सूर्यकांत वर्मा, राजेश चक्रधारी आदि शामिल हुए।

## जयंती पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



शहर के वार्ड 21 में गुरू घासीदास बाबा की जयंती मनाते हुए जैतखाम की पूजा अर्चाना किया गया।

इस मौके पर समाजिक समरसता एवं मानव सेवा के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने उपस्थिति दर्ज कराई। बाबा के संदेश और विचार को समाजिक जनों ने शोभायात्रा निकाल कर आम जनता तक पहुंचाया। इस दौरान अंजोरा के सत्य के उजागर पंथी ग्रुप ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, पूर्व नपा उपाध्यक्ष रामकृष्ण कनौजिया, तुलसी मिश्रा, शिवा यादव, नागेश कंडरा की उपस्थिति में पूजा अर्चाना किया गया। इस मौके पर बंशी कुर्रे, शरद कुर्रे, पिंटू धीन्द्रोडे, करण लहरे, भुपेश बंजारे, नरेश कुर्रे, शेखर कुर्रे, सुरेश कुर्रे, सागर लहरे, प्रेमलाल लहरे, गणेश लहरे, रजनीबाई, कुमारीबाई लहरे, संगीता लहरे, गीताबाई लहरे, नीलिमा कुर्रे सहित अन्य उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082









## खबर संक्षेप



### 60 श्रमिकों के कार्ड का हुआ नवीनीकरण

**राजनांदगांव।** ग्राम पंचायत भेड़ीकला में श्रम विभाग द्वारा निःशुल्क श्रम कार्ड का नवीनीकरण कार्य के लिए शिविर का आयोजन किया गया। भेड़ीकला सरपंच कृष्णा साहू ने बताया कि 60 हितग्राहियों के श्रम कार्ड का नवीनीकरण कार्य किया गया। जिसमें गांव के महिला एवं पुरूष श्रमिक ने शिविर में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और निःशुल्क आयोजन किया गया। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

### वेसलियन हिन्दी मीडियम स्कूल का वार्षिकोत्सव आज

**राजनांदगांव।** शहर की वेसलियन हिन्दी मीडियम स्कूल में कल 20 दिसंबर को वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक वर्ष संस्था द्वारा अपने परंपरानुसार शाला प्रांगण में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के दौरान शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक, स्काउट व अन्य गतिविधियों में उपलब्धि प्राप्त विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाता है। साथ ही बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ अंक प्राप्त कर संस्था को गौरवान्वित करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का भी सम्मान किया जाता है। आज आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद मधुसूदन यादव व अध्यक्षता डब्ल्यूबीसीआई के अध्यक्ष प्रदीप अब्राहम करेंगे। संस्था द्वारा मिली जानकारी के अनुसार कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत की प्रस्तुति दी जाएगी। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य संजय गार्डिया द्वारा शाला प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में संस्था का नाम रौशन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाएगा। संस्था द्वारा शत-प्रतिशत कक्षा में उपस्थिति, सांस्कृतिक, स्काउट-गाईड, प्रदेश-राष्ट्रीय स्तर के खेल में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को संस्था पुरस्कृत करेगी। इसके अलावा संस्था द्वारा इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण यूट्यूब चैनल वेसलियन हिन्दी मिडियम स्कूल राजनांदगांव में भी किया जाएगा। कार्यक्रम में अतिथियों और स्कूली बच्चों के पालकों की सुविधा के लिए बड़े एलईडी डिस्प्ले में प्रसारण की व्यवस्था भी की गई है।

### महासभा की बैठक 22 को

**राजनांदगांव।** कोसरिया यादव महासभा की आवश्यक बैठक आगामी 22 दिसंबर को दोपहर 12 बजे यादव भवन डोंगरगांव में रखी गई है। बैठक में जिला के सभी सम्माननीय कार्यकर्तागण, तहसील, सर्किल और नगर के पुरूष-महिला और युवा पदाधिकारीगण, संरक्षकगण, गौटियागण, सक्रिय सदस्य समेत अन्य लोग शामिल होंगे।

---

धर्मभूमि में कैंप एक सराहनीय पहल

# एडवेंचर कैंप में शामिल हुए सत्रह राज्यों के प्रतिभागी

## पांच दिवसीय एडवेंचर कैम्प का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर में भारत स्काउट गाइड फेलोशिप द्वारा आयोजित पांच दिवसीय एडवेंचर कैंप का समापन बुधवार को हुआ। मां बम्लेश्वरी मंदिर मोटेल में 13 से 17 दिसंबर तक आयोजित इस शिविर में 17 राज्यों के 70 लोगों ने भाग लिया। उन्होंने विभिन्न स्थानों का भ्रमण कर एडवेंचर किया। समापन मौके पर आयोजित ग्रेंड कैंप फायर में शामिल होने पहुंचे जिलाधीश ने कहा कि मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी वास्तव में सर्वधर्म समभाव की नगरी है। यह देवभूमि है यहां पर मां बम्लेश्वरी का आशिर्वाद प्रवाहित होता है।

उन्होंने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल ने एडवेंचर कैंप के लिए डोंगरगढ़ के चयन पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि इस आयोजन से 17 राज्यों के लोग यहां की संस्कृति, भाषा, वेशभूषा, भोजन से परिचित हुए हैं। परिक्रमा पथ एवं मंदिर परिसर की सफाई का उन्होंने बेहतर कार्य बताया।

इस दौरान दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के सीनियर डीपीओ उदय भारती ने कहा कि यह शिविर निश्चित रूप से सांस्कृतिक गतिविधियों को एक नया आयाम देगा। शिविर में 17 राज्य के 70 लोग शामिल हुए। दो दिन पूर्व रायपुर रेलवे के वर्कशॉप में एसईसीआर स्टेट का गठन किया गया है।




### दर्शनीय स्थलों को देखा

शिविर में शामिल होने पहुंचे लोगों ने हाजराफाल, कचारगढ़, परिक्रमा पथ, माँ बम्लेश्वरी मंदिर, प्रज्ञागिरी में ट्रैकिंग कर इस कैंप को जीवंत बनाया। इस दौरान अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। आभार प्रदर्शन फेलोशिप के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र साखरे ने किया। कार्यक्रम में बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, अनिल गट्टानी, चंद्रगिरी ट्रस्ट अध्यक्ष किशोर जैन, सुनील जैन, केशव अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, विजय बिंदल, डॉ पन्नालाल बाफना, वीरेंद्र अग्रवाल, विष्णु लोधी, शिवेंद्रसिंह राय, प्रकाश चौरडिया, प्रफुल्ल चावडा, मनोज गुप्ता, कैलाश अग्रवाल, सुभाष पचेरीवाला, गोविंद चोपड़ा, नोहरूराम देवांगन, हरपाल भाटिया, कन्हैया अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, दीपक साखरे, सोनकुमार सिन्हा, एसडीएम मनोज मरकाम, एसडीओपी आशीष कुंजाम, टीआई जितेंद्र वर्मा, तहसीलदार सुश्री जैन, स्टेशन मास्टर श्री सेठी, डीटीआई श्री राणा, आईओडब्लू मुनेश कुमार, पीडब्ल्यूआई निशांत भोयर, विकास कुमार, पी सूर्याराव, सत्यम स्वामी आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### विदेशी मेहमान भी आए

शिविर की विशेष बात यह रही कि इसके समापन समारोह में अंतराष्ट्रीय अध्यक्ष सायमन हांग बुक री इंटरनेशल स्काउट गाइड फेलोशिप कोरिया, किम सोनी शू अध्यक्ष कोरिया टाइगर स्काउट एशोसियेशन, ज्ञान प्रकाश कुमारा अध्यक्ष क्वीन एवं प्रेसीडेंट स्काउट गिल्ड श्रीलंका, मो. इब्राहिम नजत गिल्ड श्रीलंका शामिल हुए। शिविर समाप्ति के पूर्व प्रज्ञागिरी में सर्वधर्म प्रार्थना सभा हुई।

---

# जिपं उपाध्यक्ष ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

- सुशासन का एक साल पूरा
- राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़



प्रदेश मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन के एक साल का पूरा होने पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने साय सरकार की विभिन्न योजनाओं की सिलसिलेवार महत्वपूर्ण उपलब्धियों को साझा किया और बताया कि कैसे एक साल में राज्य ने विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

विक्रांत सिंह ने कहा कि सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सरकार ने सुशासन की स्थापना के लिए अनेको बड़े कदम उठाए है। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की पारदर्शिता को बढ़ावा दिया और प्रशासनिक सुधारों के जरिए जनता तक बेहतर सेवा पहुंचाने की दिशा में काम किया। 13 दिसम्बर को सरकार का पहला साल सभी की सहभागिता और विश्वास के साथ विकास के लिए समर्पित रहा।

बीते 12 महीनों में सीएम विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास के अनेक नए आयाम स्थापित किए हैं। एक साल में सरकार ने प्रदेश के सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम किया और उपलब्धियां हासिल करने मे सफल रही।

प्राथमिकता में वे लोग रहे जो सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान वादा किया गया था कि सरकार बनने के बाद प्रदेश में सुशासन की स्थापना करेंगे, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करेंगे। इस वादे को लेकर सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ तत्परता से कारवाई कार्यवाही की और जो लोग भ्रष्टाचार के मामलों में लिप्त पाए जा रहे हैं उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

### साय सरकार के तीन कार्य स्तंभ

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा की सुशासन की स्थापना के लिए सरकार तकनीक का ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं। सुशासन के लक्ष्य को हासिल करने सरकार ने सुशासन व अभिसरण नाम से नया विभाग बनाया है ताकि आम जनता को छोटे छोटे कामों के लिए दफ्तरों के चक्कर न काटने पड़े। एक क्लिक में अथवा एक फोन कॉल में उनके काम हो जाना चाहिए। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रदेश के लोगों को जो गारंटियां दी उनमें से अधिकांश गारंटियों को सरकार ने एक साल की अल्पावधि में ही पूरा कर दिया है। साय सरकार में गुणवत्ता जवाबदेही और पारदर्शिता के तीन कार्य स्तंभ के जरिए लोगों तक सुशासन का संदेश जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन और उनका लाभ पात्र हितग्राहियों को दिलाने में छत्तीसगढ़ लगातार अग्रणी भूमिका निभा रहा है जिनमें पीएम आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, आयुष्मान भारत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हर घर जल, बड़ी रेल लाईन जैसी योजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश को केंद्र सरकार से पूरे देश में सर्वाधिक 8.46 लाख आवास निर्माण का लक्ष्य मिला है इसके तहत 18 लाख 12 हजार 743 जरूरतमंद परिवारों को पीएम आवास की स्वीकृति मिल गई है और हितग्राहियों को पहला किश्त 40 हजार रुपए भी जारी भी हो गया है।

---

# भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के दोषियों को बचाने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आरक्षक संवर्ग भर्ती के लिए जारी शारीरिक दक्षता प्रक्रिया में अभ्यर्थियों के नंबर में हेरफेर का मामला विष्णु साय सरकार के कथित सुशासन का कलंक है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने उजागर हुए भर्ती घोटाले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि प्रशासनिक तंत्र हजारों मासूम युवाओं के भविष्य की आहूति देने पर आमादा है। गृहमंत्री के प्रभार जिले में जिस तरह भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी की जा रही है, उस पर तत्काल निलंबन जैसी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए थी, लेकिन जिम्मेदारों को बचाया जा रहा है, जो एफआईआर दर्ज कराई गई है, उसमें भी पुलिस अधिकारियों ने दोषियों को बचाने का ही प्रयास किया है। यह पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो चुकी है। जिसकी विश्वसनीयता खत्म हो चुकी है।

श्री मुदलियार ने कहा कि गृहमंत्री के प्रभार जिले में आरक्षक संवर्ग भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी ने सरकार के कथित सुशासन और अधिकारियों के भ्रष्ट रवैये का राजफाश कर दिया है। स्थिति यह है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह भी इन गड़बडियों पर सवालों



के जवाब नहीं दे पा रहे हैं। राजनांदगांव जिला मुख्यालय में स्वयं पुलिस अधिकारी ने महिला अभ्यर्थी को वास्तविक प्रदर्शन में विपरीत ज्यादा अंक जारी किए जाने के मामले में लालबाग थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

श्री मुदलियार ने कहा कि इस मामले में खुद को घिरता देख पुलिस अधिकारियों ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। उन्होंने कहा कि सवाल उठता है कि क्यों इस विषय पर जिम्मेदारों के खिलाफ सीधे मामला दर्ज नहीं करवाया गया? ऐसा ना किए जाने से पूरी प्रक्रिया संदिग्ध हो गई है, जिन्होंने इस गड़बड़ी को अंजाम दिया क्या उन संदिग्धों को भर्ती प्रक्रिया से पृथक किया गया है? जिस तरह की गड़बड़ी सामने आई है, इससे पूरी भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वासनीयता पर सवाल खड़े हो गए हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग है कि तत्काल अब तक की पूरी प्रक्रिया की न्यायिक जांच करवाई जाए। अब तक इस प्रक्रिया में जिनकी भूमिका है, उन्हें इससे हटाया जाए।

---

### प्रतियोगिता में भागवत और विनय प्रथम



**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव की प्राचार्य मेजर डॉ. किरण लता दामले के मार्गदर्शन एवं अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. अनिता शंकर के निर्देशन में अंग्रेजी विभाग द्वारा 19 दिसंबर को विगत एक वर्ष में शासन द्वारा कतिपय जनहितकारी योजनाओं से जनसामान्य लाभान्वित हुए हैं, पक्ष एवं विपक्ष विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उक्त प्रतियोगिता के प्रतिभागियों ने पक्ष एवं विपक्ष दोनों ही विषयों पर अपनी राय रखे। उक्त प्रतियोगिता में पक्ष में भागवत वर्मा प्रथम, विनोद टेंभुरकर द्वितीय एवं खिलेश्वरी साहू तृतीय स्थान पर तथा विपक्ष में विनय वासनिक प्रथम, जगन्नाथ तिवारी द्वितीय एवं मनीष तांडेकर तृतीय स्थान पर रहे। डॉ. नीलू श्रीवास्तव, डॉ. अनिता साहा एवं डॉ. नीलम तिवारी निर्णायक के रूप में उपस्थित थे।

---

# जिन मार्गों पर निजी बसें दौड़ रही हैं वहां सिटी बसों का संचालन कैसे होगा?

- नितिन गडकरी से मिले बस मालिक बताया- राज्य परिवहन का गठन नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



यातायात महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व जिला यातायात महासंघ राजनांदगांव के अध्यक्ष रईस अहमद शकील व अन्य पदाधिकारियों ने महासंघ के अध्यक्ष अनवर अली के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से पहली बार केंद्रीय भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से नागपुर जाकर मुलाकात की व बस संचालन में आ रही विभिन्न समस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया।

उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित परिवहन के सशक्त साधन यात्री बसों के संचालन में रोज कुछ नए नियमों का हवाला देकर उनको पालन करने बाध्य किया जा रहा है। संघ ने बताया केंद्र सरकार ने पूरे देश में सिटी बस के संचालन हेतु बनाई है। योजना के तहत देश के बड़े राज्यों के साथ-साथ छत्तीसगढ़ प्रदेश के लिए भी राशि का आबंटन किया है, जो स्वागत योग्य है। इससे प्रदेश के सभी जिलों में निवासरत लोगों को सुगम यात्रा उपलब्ध होगी, किंतु राज्य सरकार द्वारा इन सिटी बसों को चलाने हेतु दर्शित मार्गों पर पूर्व से ही प्रदेशभर में 15 हजार बसों का संचालन प्रदेश के भिन्न-भिन्न मार्गों पर स्टेज कैरीज अनुज्ञा पत्र प्राप्त कर किया जा रहा है। चूंकि छत्तीसगढ़ प्रदेश में छत्तीसगढ़ राज्य परिवहन का गठन नहीं है और प्रदेशभर में निजी बस सेवा ही संचालित हो रही है। ऐसे में उन्हीं मार्गों पर सिटी बसों का संचालन किया जाना क्या उचित होगा? इस तरह दो अलग-अलग सेवाओं के संचालन से मार्गों पर अनावश्यक रूप से प्रतिस्पर्धा बढ़ने से दुर्घटना होने पर जानमाल का नुकसान होना तय है, जो बस व्यवसाय के रूप में बेरोजगार युवाओं को प्राप्त है या जो बैंक ऋण लेकर उक्त कार्य से अपना एवं अपने परिवार का लालन-पालन कर रहे है, वो सभी आर्थिक संकट की चपेट में आ जाएंगे। इसके पूर्व में भी केंद्र सरकार ने सिटी बसों की सौगात छत्तीसगढ़ राज्य को दी थी। जिसके अधिकारियों ने अपने चहेते को दिया। जिससे सिटी बस चलाने वाले ठेकेदार लखपति बन गए और सरकार की बसें कबाड़ हो गई। इस प्रकार की स्थिति ना हो इसलिए केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सिटी बसों को सिटी के अंदर दी गई शर्तों के अनुसार संचालित किया जाएं। इससे जहां नगर निगम सीमा क्षेत्र में भरमार आटो रिक्शा कम होंगें जो ट्रैफिक जाम करते है। जिससे निजी बस व्यवसाय भी सुचारू रूप चलाया जाएं। श्री गडकरी ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वस्त किया है।

### वेंडरों की मनमानी चरम पर

उन्होंने बताया कि सभी व्यवसायिक वाहनों में वीएलटीडी (जीपीएस) प्रणाली को लागू किया गया है, जो कि बहुत ही कारगर साबित हो रहा है, लेकिन जो वीएलटीडी 3500 रुपए में लग जाता है, उसी की कीमत छत्तीसगढ़ में 13500 रुपए ली जा रही है और परिवहन विभाग द्वारा अधिकृत वेंडरों की मनमानी चरम पर है। इस पर परिवहन विभाग के अधिकारियों को भी अवगत कराया चुका है। प्रतिनिधि मंडल में यातयात महासंघ के उपाध्यक्ष खिलेश्वर सिंह ठाकुर, रायपुर यातायात महासंघ के अध्यक्ष सोनू कसार, वरिष्ठ सदस्य अशोक जैन, अहमद सोलंकी व अन्य प्रमुख लोग उपस्थित थे।

---

ग्रामीणों ने विस अध्यक्ष रमन से की मुलाकात

# कल्याणी इस्पात स्पंज आयरन निर्माण पर रोक लगाने की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोपेडीह के ग्रामीण विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से सौजन्य मुलाकात की। ग्रामीणों ने विस अध्यक्ष डॉ. सिंह को पत्र प्रेषित करते बताया कि ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात द्वारा स्पंज आयरन फैक्ट्री निर्माण पर रोक लगाने की मांग की गई। उन्होंने बताया कि ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात द्वारा स्पंज आयरन कंपनी लगाने निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके लिए दिया गया एनओसी को ग्रामसभा द्वारा शून्य (निरस्त) किया जा चुका है। जिसकी सूचना कलेक्टर कार्यालय को प्रेषित किया जा चुका है। इसके बावजूद कल्याणी इस्पात द्वारा मनमाने तरीके से निर्माण कार्य चला रहा है।

ग्रामीणों ने विधानसभा अध्यक्ष से निवेदन किया कि उक्त मामले में संज्ञान लेते तत्परता से कार्रवाई करते आदेश किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य को रूकवाया जाए। डॉ. रमन सिंह को पत्र सौंपते सरपंच यमुना साहू, संजीता यादव, इंदुमती साहू, चंद्रकांत राजू साहू, सुकलिया, सरोज साहू, ओमेंद्र कुमार, रिसीकांत लेखराम, चंद्रकांत साहू, भोलाराम, सुशील साहू, उलेश्वर साहू, कुचेराम, तुलसीराम, बसंत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों ने किया आंदोलन

जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम कोपेडीह में कल्याणी इस्पात नाम की एक आयरन कंपनी खुलने जा रही है। जिसका काम तेजी से चल रहा है। इसके विरोध में ग्रामीण बुधवार को सड़क पर उतर आए। ग्रामीणों का कहना है कि इससे प्रदूषण बढ़ेगा, इसलिए कंपनी को बंद किया जाना चाहिए। कोपेडीह सरपंच यमुना साहू ने कहा की कंपनी ने कई साल पहले ग्राम पंचायत से गलत जानकारी देकर एनओसी ली थी।उन्होंने गलत तरीके से जनसुनवाई की। ग्राम पंचायत ने एनओसी दी थी वो दूसरी कंपनी थी, लेकिन अब दूसरी फैक्ट्री का निर्माण किया जा रहा है, इसलिए ग्राम पंचायत की दोबारा बैठक बुलाई गई और इस बैठक में सर्वसम्मति से सभी पंचगण और ग्रामीणों की सहमति से प्रस्ताव को कैंसल कर दिया गया है। सरपंच ने इसकी जानकारी कलेक्टर को भी दिया है। इसके बाद भी कंपनी का निर्माण बंद नहीं हो रहा है। इसके विरोध में ग्रामीणों ने गेट पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि काम नहीं रूका तो वह आगे जीई रोड पर उग्र आंदोलन करेंगे।

---

### भारतीय सेना की याद में मनाया विजय दिवस



**राजनांदगांव।** विजय दिवस समारोह 16 दिसंबर को प्रतिवर्ष भारतीय सेना के पराक्रम एवं समर्पण की याद में मनाया जाता है। इसी कड़ी में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों ने भागीदारी निभाई। जिसमें गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम के कक्षा 3री एवं 4थी के बच्चों द्वारा 'आरंभ' है प्रचंड गीत पर थिरकते सबका मन मोह लिया। नृत्य की प्रस्तुति नृत्य शिक्षिका माया शर्मा के मार्गदर्शन में हुई। इस अवसर पर गायत्री समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढ़ा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल, उपप्राचार्य वंदना डुम्भरे, प्रशासक अनिल बाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

---

# भरदाकला हाईस्कूल में होगी जल्द शौचालय और पेयजल की व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के भरदा कला में नवनिर्मित हाईस्कूल व सामुदायिक भवन का लोकार्पण जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह के मुख्य आतिथ्य, जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू की अध्यक्षता और जिपं सभापति विप्लव साहू, जनपद सदस्यद्वय लखनलाल साहू, पारखदास कोसरे, शैलेंद्र मिश्रा, पांडादाह मंडम महामंत्री गोरलाल वर्मा और परमानंद साहू के विशिष्ट आतिथ्य मे हुआ।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विक्रांत सिंह ने कहा कि समाज व गांव के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षित होना आवश्यक है। शिक्षा मंदिर के रूप में नवनिर्मित विद्यालय भवन सौंपने का अवसर मिला है ताकि गांव के बच्चे घर के आसपास बेहतर वातावरण में अच्छे से ज्ञानार्जन कर परिवार, समाज और गॉव के विकास मे अपना योगदान दे। उन्होंने कहा कि शासन हर वर्ग के सर्वांगीण विकास को लेकर कटिबद्धता से काम कर रही है। उन्होने नवीन हाईस्कूल भवन में पीने के पानी की व्यवस्था और शौचालय निर्माण के साथ-साथ अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा करने का आश्वासन देते हुए कहा कि अब गांव के विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी क्योंकि डबल इंजन की सरकार काम कर रही है।



### विकास में कोई कमी नहीं आएगी

कार्यक्रम अध्यक्ष क्षेत्रीय जिपं सदस्य घम्मन साहू ने कहा कि भरदाकला गांव के विकास के लिए सभी जनप्रतिनिधि प्रतिबद्ध है। गांव के चहुमुखी विकास में किसी प्रकार की कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने महिलाओं के उत्थान के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए उन्हे सबल बनाने पर जोर दिया। इस अवसर पर सरपंच सविता सुखचैन साहू, ग्राम पटेल रघुनाथ साहू, उप सरपंच अनीता बाई,चंद्रिका साहू, दूरदेशी साहू, गिरवर साहू, डोमार साहू, पंचायत सचिव जग्गू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## सार समाचार



### भाषण स्पर्धा में खुशी प्रथम

**राजनांदगांव।** केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। युवा एवं खेल कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें तात्कालिक भाषण में कक्षा 12वीं की पायल कोटेचा रही। वहीं चित्रकला में प्रथम खुशी कांकरिया तथा द्वितीय देव्यांश गौतम रहे। प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने तीनों बच्चों की प्रशंसा करते कहा कि इतने कम समय में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रयास किया है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। संस्था के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में पारंगत है, जो शहर में एक अनोखी छाप छोड़ते हैं। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढ़ा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, पिंकी खंडेलवाल, वंदना डुम्भरे, अनिल बाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

### आज शहर में निकलेगी क्रिसमस रैली

**राजनांदगांव।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर मसीही समुदाय की ओर से इस वर्ष भी राजनांदगांव के समस्त पासबानों के निर्णय अनुसार कल 20 दिसंबर को मसीह समाज द्वारा भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त रैली शांतिपूर्ण एवं सदभावनापूर्वक निकाली जाएगी, जो स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव के प्रांगण से संध्या समय 6.30 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के कामठी लाइन, भारतमाता चौक, पुराना थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुडाखू लाइन, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए चर्च कैम्पस प्रांगण में समाप्त होगी। उक्त जानकारी देते वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह डॉ. सुमन लाल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर प्रवचन दिया जाएगा एवं रैली में मसीही गीत गाए जाएंगे। रैली में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड, मसीही मदीर चर्च गौरीनगर, मसीह आराधनालय, सेन्ट जॉन द बैप्टीस चर्च, मेनोनाईट चर्च, मारधोना चर्च, सिरियन आरर्थोडॉक्स चर्च, न्यु अपोस्टिलिक चर्च, एसेम्बली ऑफ गॉड, चर्च ऑफ गॉड, इडियन फूल गॉस्पल मिशन, मसीही ग्रामीण कलीसिया, रहबोत किश्चियन असेम्बली, किश्चियन असेम्बली, आईसीएम, गिडियन इंटर नेशनल राजनांदगांव, वेसलियन चर्च स्कूल परिसर, इंडियन पेंटीकॉस्टल चर्च, आशानगर से मसीही समाज के अनुयायी शामिल होंगे।

### कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रसारण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों का कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रथम भाग का प्रसारण 7 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक किया गया। जिसमें विभिन्न फसलों की 109 में से 54 किस्मों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में किया गया एवं किसानों के साथ संवाद किया गया और विश्व मृदा दिवस के पर मृदा संरक्षण हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में आईसीएआर अटारी जबलपुर के बोर्ड मेम्बर बिशेश्वर दास साहू ने विभिन्न फसलों के उत्पादन लाभ पर चर्चा की। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत दास साहू ने रबी मौसम में तिलहन फसलों की खेती पर जोर दिया। कृषि विभाग से उप संचालक नागेश्वर लाल पांडये ने धान उत्पादन लाभ की बधाई देते रबी मौसम में धान के अलावा अन्य तिलहन व दलहन फसल लगाने हेतु प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने उद्यानिकी फसलों की प्रबंधन तकनीक की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. नूतन रामटेके ने पशुओं में टीकाकरण के महत्व को समझाया एवं अंजलि धृतलहरे ने प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र एवं जीवामृत के उपयोग की सलाह दी, ताकि नुकसानदायक रसायनिक दवाओं का उपयोग कम किया जा सके।

### राजनांदगांव जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा मोबाइल अकादमी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मोबाइल अकादमी कोर्स के तहत राजनांदगांव जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा शत-प्रतिशत मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने पर सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सभी के सामूहिक प्रयास से यह सफलता मिली है। जिले की ओर से नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जंघेल, जिला प्रबंधक डाटा अखिलेश कुमार चोपड़ा, जिला डाटा सहायक प्रीति सिंह एवं सचिवालय सहायक रवि मेश्राम ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया गया।

### पवनतरा मंडई आज

**जालबांधा।** समीपस्थ ग्राम पवनतरा में 20 दिसम्बर को मंडई का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में किशन सेन कृत बेमेतरा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ग्राम के राजेन्द्र वर्मा ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई मेला का लुत्फ उठाने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पृष्ठ 09 का शेष

### कांग्रेस भवन की....

बीते दिनों रात्रि के वक्त तोड़फोड़ किए जाने का विवाद भी काफी गरमाया था। जिसके बाद कार्रवाई बंद कर दी गई थी। वहीं आज सुबह एक बार फिर कांग्रेस भवन की जर्जर इमारत के साथ ही भवन परिसर में बनी दुकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई शुरू की गई। जिसको लेकर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

**कांग्रेस ट्रस्ट की जमीन पर बनी थी दुकान-** कांग्रेस भवन ट्रस्ट की जमीन पर कांग्रेस कमेटी का भवन और लगभग 20 दुकानों का निर्माण किया गया था। जिनमें सभी दुकानदारों ने स्वयं को फाउंडर मेंबर बताते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी, लेकिन किसी भी प्रकार का दस्तावेज व्यापारियों द्वारा पेश नहीं किया गया था।

**जर्जर घोषित भवन और दुकानें-** कांग्रेस भवन को जर्जर घोषित किए जाने के बाद इसे तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें भवन परिसर में बनी दुकानें भी तोड़ी जा रही है, ताकि कांग्रेस भवन का नवनिर्माण किया जा सके। कांग्रेस पदाधिकारी के अनुसार संबंधित दुकानदार वर्षों से किराया नहीं पटा रहे हैं। वहीं दुकानदारों ने दुकान के लिए मांगे जा रहे 30-35 लाख रुपए की राशि और कुछ भी लिखित में नहीं देने को लेकर अपना विरोध किया।

**दुकानें तोडे जाने से आक्रोश -** आज सुबह कांग्रेस भवन की ओर से दो दुकानों को पीछे से तोड़ने की कार्रवाई की गई। जिसका विरोध व्यापारियों ने किया। वहीं इस दौरान कांग्रेस भवन परिसर के भीतर मीडिया को भी प्रवेश से कांग्रेस पदाधिकारियों ने रोका।

**व्यापारियों ने शुरू किया सत्याग्रह-** दुकान तोडे जाने के मामले को लेकर इधर नाराज व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर सत्याग्रह का बैनर लगाकर बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में आंदोलन शुरू कर दिया।

## बाबा साहब अंबेडकर पर टिप्पणी का मामला

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा में बाबा साहब अंबेडकर को लेकर विवादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतले के साथ रैली निकाली और गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करते उनका पुतला दहन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतला दहन का आयोजन किया गया था। लोकसभा में कांग्रेस पर तंज कसते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर को लेकर टिप्पणी मामले में कांग्रेसियों ने नाराजगी व्यक्ति की और शहर के जयस्तंभ चौक पर उनका पुतला दहन किया।



### पुलिस ने किया अग्निशामक यंत्र का उपयोग

इधर जयस्तंभ चौक पर पुतला दहन को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। जैसे ही कांग्रेसियों ने केंद्रीय गृहमंत्री के प्रतिकात्मक पुतले पर आग लगाई, वैसे ही पुलिस ने अग्निशामक यंत्र का प्रयोग करते पुतले की आग बुझा दी। अग्निशामक यंत्र से पुतले की आग बुझाने के दौरान कुछ कांग्रेसी नेताओं की आंखों में यंत्र का सफेद पावडर भी चला गया। जिससे तीन कांग्रेसियों की आंखों में जलन होने के चलते उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### कांग्रेसजनों ने मांगा इस्तीफा

पुतला दहन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब अंबेडकर के खिलाफ गलत टिप्पणी की है। भारत रत्न और संविधान निर्माता पर ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं के दिल में संविधान के खिलाफ जो है, वह बाहर आ गया। वहीं महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है। भारतीय जनता पार्टी की यह आदत है कि वे दलितों को सम्मान नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह दलित समाज और देश से इस टिप्पणी के लिए माफी मांगे।

### गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस पुतला दहन के दौरान विवादित टिप्पणी के मामले को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू, भुवनेश्वर बघेल, सूर्यकांत जैन, सुदेश देशमुख, अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु मिश्र, राजा यादव, मनीष गौतम, सिद्धार्थ डोंगरे सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## वार्ड की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 20 पेंड्री में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरू घासीदास की जयंती एवं नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।



छग मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड क्र. 20 पेंड्री में वार्ड की समस्याओं को लेकर जानकारी देते निराकरण एवं स्वीकृति राशि प्रदान करने की मांग रखी।

### बासुला में आज मडई मेला

**राजनांदगांव।** ग्राम बासुला में संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा की 268वीं जयंती पर गांव में मड़ई मेला कल 20 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगझाझर लोककला मंच ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष सुकालू राम मांडले ने दी।

## सामुदायिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्डों में रोड, नाली के अलावा मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण तथा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शांतिनगर बौद्ध विहार के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। जिसका बुधवार को महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, भीमराव मेश्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के यादवराम भीमटे, रामचंद मेश्राम, परसराम बागडे, राजकुमार मेश्राम, प्रहलाद फुले, संजय मेश्राम, आशीष रामटेके, आशीष बागडे, राजकुमार भीमटे, मनीष भीमटे, अंजु मेश्राम, चंद्रकला मेश्राम, माला मेश्राम ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत पश्चात महापौर ने भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप अभियंता डागेश्वर कर्ष सहित बौद्ध अनुयायी उपस्थित थे।

## 38 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी कार्यालय म्युनिसिपल स्कूल परिसर में 19 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में संपन्न हुई।

संघ के अध्यक्ष ने पिछले वर्ष में किए हॉकी के विकास कार्य की जानकारी देते इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले हैं, उसे पूर्ण करने सभी को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते कहा कि आगामी वर्ष 2025 में सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता फरवरी माह में आयोजित कराने हेतु समिति अध्यक्ष कलेक्टर से मांग की जाएगी। प्रतियोगिता तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई। आगामी वर्ष 2025 में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा लीग हॉकी प्रतियोगिता जनवरी माह में आयोजित होना बताया।

आगामी 22 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ लीग हॉकी प्रतियोगिता के लिए पत्र प्राप्त होने की जानकारी दी गई। जिसमें जिला हॉकी संघ ने हरसंभव मदद करने की बात कही।

अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जानकारी प्रेषित की विगत दिनों कलेक्टोरेट सभा में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि ओलंपिक खेल में शामिल खेल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा राशि (भत्ता) देने की सहमति बनी है। राशि का लाभ खेल संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को ही मिलेगा। इस निर्णय के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय जिले के जूनियर व सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ की ओर से 500-500 रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जो खिलाड़ी प्रदेश के बाहर ट्रायल दिलाने जाएगा, उनके आने-जाने का किराया व दैनिक भत्ता जिला हॉकी संघ द्वारा दिया जाएगा। स्थानीय निर्णायक शकील अहमद को हीरो हॉकी इंडिया लीग में निर्णायक के रूप में चयनित होने व तरूण यादव, तौफीक अहमद और सुखदेव निर्मलकर को वनरक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी गई।

बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायण धकेता, नीलमचंद जैन, आशा थामस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, ममता गुप्ता, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, जावेद खान, आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, मनीष सोनी, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।



### तीन महिला खिलाड़ी ने शहर को किया गौरवान्वित

संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि इस वर्ष हॉकी नर्सरी के तीन महिला खिलाड़ी भूमिका, अनीशा और आंचल ने राष्ट्रीय हॉकी शिविर में जगह बनाई है। जिसमें अनीशा साहू और भूमिका साहू ने राष्ट्रीय हॉकी टीम में जगह बनाई है। साथ ही सीनियर पुरूष वर्ग में 7 सीनियर, महिला वर्ग में 6 जूनियर, बालक वर्ग में 4 जूनियर, बालिका वर्ग में 6, सब जूनियर बालक वर्ग में 6 तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 कुल 38 खिलाड़ियों ने हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेकर शहर को गौरान्वित किया। उक्त खिलाड़ियों का सम्मान संघ की आगामी आमसभा में किया जाएगा।

## क्रिसमस रैली...



**राजनांदगांव।** क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में शहर में बाइक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## अल्बर्ट की पेंटिंग दिल्ली और मुंबई में प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी के कलाकार अल्बर्ट श्रीवास्तव की दो पेंटिंग एक ही समय में दो महानगरों दिल्ली और मुंबई में प्रदर्शन के लिए चयनित हुई।

10 दिसम्बर को दिल्ली के आल इंडिया फाईन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसायटी के गैलरी में प्रदर्शित हुई और मैसेंजर टाईटल के इस पेंटिंग को 15000 रुपए का कैश अवार्ड मिला। वहीं 10 दिसम्बर को ही विश्व प्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई में इंट्यूशन टाईटल की पेंटिंग को प्रफुल्ला धनुकर आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेरणा आर्ट एक्जीविशन में स्थान मिला। अल्बर्ट श्रीवास्तव इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय से फाईन आर्ट में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त एक बहुमुखी कलाकार हैं, जो ऐक्रेलिक, वॉटर कलर और चारकोल सहित विभिन्न माध्यमों में निपुण हैं। मानव आकृतियों पर केंद्रित उनके चित्रण में जटिल विचारों और भावनाओं को कैनवास पर कुशलता से उकेरा जाता है। उनका कार्य मानव अनुभव की गहन खोज है, जो रूप और भावना के सूक्ष्म मेल को दर्शाता है। रंग और बनावट के गतिशील उपयोग के माध्यम से उनका कला-सफर चित्रात्मक कला की अभिव्यक्तिपूर्ण शक्ति का प्रमाण है, जो माध्यम और तकनीक की सीमाओं को निरंतर आगे बढ़ाता है। अल्बर्ट श्रीवास्तव राजनांदगांव के आमोद श्रीवास्तव एवं श्रीमती शोभांजलि श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं। इनके पेंटिंग की प्रदर्शनी देश के सभी महानगरों के प्रतिष्ठित आर्ट गैलरी के अलावा नीदरलैंड के आर्ट गैलरी में भी प्रदर्शित हो चुकी है।



## आर्थिक, सामाजिक जानकारी लेने पहुंचे निरूपम

**मोहला।** भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चकमा अपनी टीम के साथ अंबागढ़ चौकी विकासखंड के आश्रित ग्राम धानापायली व कौड़ीकसा ग्राम में बसे सोनझरी जाति की आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक रहन-सहन की हकीकत जानने पहुंचे थे।

मिजोरम शासन में पांच बार के विधायक, पूर्व सांसद व केन्द्र सरकार में मंत्री की भूमिका का निर्वहन करने वाले निरूपम चकमा जो वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य हैं, जिन्होंने चौकी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धानापायली व कौड़ीकसा पहुंचे थे। श्री चकमा सोनझरी जाति के लोगों के घर-घर जाकर उनके कुल देवता, रहन-सहन, वस्त्र, आभूषण, खानपान, आय के प्रमुख स्त्रोतों, शिक्षा, शासकीय सेवा एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। सोनझरी समाज के लोगों ने बताया कि मुख्य व्यवसाय धरती से सोना निकालना है। नदी-नाले के किनारे ही रहकर जीवनयापन करते थे तथा लड़का-लड़कियों का रिश्ता तय कर लेते थे। स्थायी निवास नहीं होने के कारण वंशावली नहीं मिल पाती। जिससे जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाती। जिससे छात्रवृत्ति नहीं मिलती। शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पाते। निरूपम चकमा ने सोनझरी समाज के साथ ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सोनझरी समाज द्वारा मांग किया गया था कि रहन-सहन के संस्कृति के आधार पर अनुसूचित जनजाति वर्ग का दर्जा प्रदान किया जाए। शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा कि नहीं, बैंक में खाता खुलवाए हैं कि नहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की जानकारी के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ की जानकारी ली। श्री चकमा ने कहा कि भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति मंत्रालय द्वारा लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर परवा चकमा वरिष्ठ अन्वेषक, पीके दास अनुसंधान अधिकारी रायपुर, पी. कल्याण रेड्डी अनुसंधान अन्वेषक नई दिल्ली गुभाव अनुसूचित जनजाति आयोग सचिव, आकाश त्रिपाठी अन्वेषक दिल्ली, पीसी लहरे सहायक आयुक्त मोहला-मानपुर-अं. चौकी, दिनेश साहू नायाब तहसीलदार, टीआर कोसमा, टीएस कारटे उपस्थित थे। ग्राम के चिंताराम घावड़े, पन्नालाल मंडावी, रोहिदास, सुलेमान, दानेश्वरी, युवराज तारम सरपंच-सचिव के अलावा गणमान्य ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



### पन्नाबाई को मिलेगा शीघ्र पेंशन

आदिवासी कन्या आश्रम में कार्यरत सोनझरी समाज के पन्नाबाई का सेवानिवृत्त हुए आठ महीने बीत गए, लेकिन सेवाकाल की जमा राशि नहीं मिल सका है। पेंशन प्रकरण भी लंबित है। जिसकी शिकायत पर उपस्थित सहायक आयुक्त पीसी लहरे ने दो दिन में निराकरण करने का आश्वासन दिया।



हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024



## खबर संक्षेप

### रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस 2 में 22 से श्रीमद् भागवत कथा



**राजनांदगांव।** गौरांश विला रिद्धी-सिद्धी कालोनी फेस-2 राजनांदगांव में आगामी 22 से 29 दिसंबर तक 8 दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन स्व. अनिल कुमार सार्वा एवं स्व. श्रीमती निर्मलाकांत सार्वा की पुण्य स्मृति में आयोजित की जा रही है। कथा व्यास परम पूज्य आचार्यश्री श्याम उपाध्याय श्री आयोध्या धाम उत्तरप्रदेश के मुखारविंद एवं पं. आचार्यश्री अनिल तिवारी पनेका वाले की उपस्थिति में प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 7 बजे तक होने जा रहा है। श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के प्रथम दिवस कलश यात्रा के साथ-साथ भागवत कथा का आरंभ होगा। वहीं प्रथम दिवस गोकर्ण उपाख्यान, द्वितीय दिवस भीष्म स्तुति, शुकदेव आगमन, तृतीय दिवस सृष्टि प्रकरण, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, चतुर्थ दिवस प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन चरित्र, संक्षिप्त श्रीराम कथा, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, पंचम दिवस बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, षष्टम दिवस रासलीला, मथुरा गमन, कंस उद्धार, गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण रूख्मणी विवाह, सप्तम दिवस सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष, मथा विश्राम तथा अंतिम व अष्टम दिवस गीता पाठ, तुलसी वर्षा एवं हवन पूर्णाहुति एवं प्रसादी भंडारा किया जाएगा। उक्त आयोजन लोकेश कुमार-श्रीमती शैलेन्द्र साहू एवं परिवार द्वारा कराया जा रहा है।

### कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ आज

**मोहला।** सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का थाना मोहला के पीछे स्टेडियम में किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ कल 20 दिसंबर को दोपहर 2 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता में पुरूष एवं महिलाओं की 167 टीमें भाग लेंगी। उद्घाटन पूर्व सांसद मधुसूदन यादव एवं पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज दीपक झा सहित जिले के प्रमुख सम्माननीय गणमान्य एवं अधिकारियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

### आरक्षण के साथ ही शुरू हो जाएगी वार्डों में दावेदारों की हलचल, जिले के सभी निकाय में प्रक्रिया पूरी

# आरक्षण के फेर में फंसे कई दिग्गज, महापौर और नेता प्रतिपक्ष के वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

निकाय चुनाव को लेकर आरक्षण की प्रक्रिया गुरुवार को पूरी कर ली गई है। जिले के सभी पांच निकाय के 120 वार्डों में आरक्षण तय हो गया है। राजनांदगांव नगर निगम में कई बड़े नेता आरक्षण के फेर में फंस गए हैं। उनके वार्डों में आरक्षण के चलते वे अपने वार्ड से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। वहीं मौजूदा महापौर एवं नेता प्रतिपक्ष के वार्ड भी महिलाओं के लिए आरक्षित हो गए हैं। लॉटरी पद्धति से किए गए आरक्षण प्रक्रिया के दौरान काफी गहमा-गहमी देखने को मिली।

उल्लेखनीय है कि आगामी दिनों में शहरी सरकार चुनने के लिए चुनाव कराए जाने हैं। इससे पहले मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद अब वार्डों के आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। सूत्रों के अनुसार अगले सप्ताह महापौर, नपा एवं नपं अध्यक्षों का आरक्षण भी पूरा कर लिया जाएगा। ऐसे में अब जमीनी स्तर पर चुनावी रंग दिखने लगा है। इधर आरक्षण प्रक्रिया के दौरान जिला पंचायत सभाकक्ष में भाजपा, कांग्रेसी नेताओं के अलावा पार्षद चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे अन्य लोगों की भी उपस्थिति देखने को मिली। सबसे पहले डोंगरगांव, छुरिया एवं एलबी नगर नगर पंचायत के वार्डों का आरक्षण किया गया। इसके बाद डोंगरगढ़ नगर पालिका के वार्ड की बारी आई। सबसे अंत में राजनांदगांव नगर निगम के वार्डों का आरक्षण तय किया गया। आरक्षण प्रक्रिया दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक जारी रही।




**नगर पालिका डोंगरगढ़ -** कुल 24 वार्ड। वार्ड क्रं - 07 एसटी, 21 एसटी महिला ), - वार्ड क्र - 02 एससी, 05 एससी महिला ), 09, 10, 14( महिला ) ओबीसी - वार्ड क्र - 01 ( महिला ) , 16 , 22 , 23 , 24( महिला ) अनारक्षित सामान्य - वार्ड क्र - 03 अनारक्षित , 04 अनारक्षित ,06 अनारक्षित , 08 अनारक्षित , 11 अनारक्षित , 12 अनारक्षित महिला , 13 अनारक्षित ,15 अनारक्षित महिला ) , 17 अनारक्षित , 18 अनारक्षित महिला , 19 अनारक्षित , 20 अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है।

**नगर पंचायत छुरिया -** कुल 15 वार्ड - वार्ड क्र 13 एसटी महिला , एसटी 14, एसटी 15 - वार्ड क्र 01 वार्ड क्र - 03 ओबीसी, 04 ओबीसी महिला , 11 ओबीसी। अनारक्षित वार्ड क्र - 02 अनारक्षित 05 अनारक्षित 06 अनारक्षित 07 अनारक्षित महिला , 08 अनारक्षित, 09 अनारक्षित महिला , 10 , 12 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

**एलबीनगर नगर पंचायत -** कुल 15 वार्ड - वार्ड -11 एससी वार्ड -1 ओबीसी ,2 ओबीसी ,3 ओबीसी महिला 4 ओबीसी, 7 ओबीसी 14 ओबीसी महिला। वार्ड अनारक्षित 5 , 6 अनारक्षित महिला ) ,8 अनारक्षित 9 अनारक्षित 10 अनारक्षित महिला ,12 अनारक्षित महिला ,13 अनारक्षित ,15 अनारक्षित के लिए आरक्षित किया गया है।

**डोंगरगांव नगर पंचायत-** कुल 15 वार्ड - वार्ड -2 एसटी महिला , 12 एसटी - वार्ड -1 एससी महिला , 9 एससी - वार्ड -6 ओबीसी महिला ,11 ओबीसी ,13 ओबीसी। अनारक्षित - वार्ड -3 अनारक्षित, 4 अनारक्षित ,5 अनारक्षित ,7 अनारक्षित ,8 अनारक्षित महिला ,10 अनारक्षित ,14 अनारक्षित, 15 अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया है।

| वार्ड | वार्ड का नाम | मतदाता | आरक्षण | वार्ड | वार्ड का नाम | मतदाता | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बजरंगपुर वार्ड | 3198 | अनारक्षित | 27 | सुभाष वार्ड | 2390 | अनारक्षित |
| 2 | महात्मा बुद्ध वार्ड | 2053 | ओबीसी | 28 | तिलक वार्ड | 1367 | अनारक्षित |
| 3 | मोतीपुर वार्ड | 2448 | एससी | 29 | विवेकानंद वार्ड | 1690 | अनारक्षित महिला |
| 4 | पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी वार्ड | 3106 | एससी | 30 | कैलाश वार्ड | 2420 | ओबीसी |
| 5 | चिखली वार्ड | 2743 | अनारक्षित महिला | 31 | जनता कॉलोनी वार्ड | 1502 | ओबीसी महिला |
| 6 | शासकीय मुद्राणालय वार्ड | 3327 | ओबीसी | 32 | संजय वार्ड लखोली | 2322 | अनारक्षित महिला |
| 7 | महात्मा गांधी वार्ड | 2863 | एससी महिला | 33 | बैगापारा वार्ड | 2287 | अनारक्षित |
| 8 | रामनगर वार्ड | 2566 | अनारक्षित | 34 | कन्हारपुरी वार्ड | 3330 | अनारक्षित महिला |
| 9 | शंकरपुर वार्ड | 3456 | अनारक्षित महिला | 35 | लखोली वार्ड | 2171 | ओबीसी |
| 10 | महारानी लक्ष्मीबाई वार्ड | 3404 | अनारक्षित | 36 | सेठी नगर वार्ड | 2401 | अनारक्षित |
| 11 | राजेन्द्र प्रसाद वार्ड | 2585 | एससी | 37 | महावीर वार्ड | 2978 | अनारक्षित |
| 12 | डॉ.भीमराव अंबेडकर वार्ड | 3943 | एससी | 38 | दिग्विजय वार्ड | 2633 | अनारक्षित महिला |
| 13 | गौरीनगर वार्ड | 2470 | ओबीसी | 39 | हीरामोती वार्ड | 3117 | अनारक्षित |
| 14 | बलराम दास वार्ड | 1784 | अनारक्षित | 40 | गुरू घासीदास वार्ड | 2374 | एससी महिला |
| 15 | डॉ.बल्देव प्रसाद मिश्र वार्ड | 2715 | ओबीसी | 41 | झूलेलाल वार्ड | 2518 | ओबीसी |
| 16 | ठाकुर प्यारे लाल वार्ड | 4297 | अनारक्षित | 42 | राजीव वार्ड | 2457 | ओबीसी महिला |
| 17 | तुलसीपुर वार्ड | 1471 | अनारक्षित | 43 | सर्किट हाऊस वार्ड | 2452 | ओबीसी महिला |
| 18 | लाल बहादुर शास्त्री वार्ड | 2655 | ओबीसी महिला | 44 | कौरिनभाठा वार्ड | 2477 | एसटी |
| 19 | वर्धमान नगर वार्ड | 1608 | अनारक्षित महिला | 45 | रामकृष्ण वार्ड | 4058 | ओबीसी |
| 20 | रविदास वार्ड | 2888 | एसटी | 46 | बसंतपुर वार्ड | 2663 | ओबीसी |
| 21 | मेडिकल वार्ड | 2657 | एसटी महिला | 47 | मोहारा वार्ड | 2321 | अनारक्षित |
| 22 | रेवाडीह वार्ड | 2647 | अनारक्षित महिला | 48 | नंदई वार्ड | 2963 | ओबीसी |
| 23 | स्टेडियम वार्ड | 2926 | अनारक्षित | 49 | मोहड़ वार्ड | 1936 | अनारक्षित |
| 24 | गुरूगोविंद सिंह वार्ड | 2686 | अनारक्षित | 50 | रानी जोतकुंवरबाई सिंगदई वार्ड | 2007 | ओबीसी |
| 25 | शीतला माता वार्ड | 3187 | अनारक्षित महिला | 51 | शिवनाथ हल्दी वार्ड | 2318 | अनारक्षित |
| 26 | सूर्यमुखी वार्ड | 2842 | ओबीसी महिला | वार्ड क्रमांक 28 एवं 30 में एक एक थर्ड जेंडर मतदाता है। | | | |

### लॉटरी से तय हुआ आरक्षण

आरक्षण लॉटरी पद्धति से किया गया। सबसे पहले आबादी अनुसार छह एससी और तीन एसटी के वार्डों को आरक्षित किया गया। इनमें फिर दो एससी एवं एक एसटी महिलाओं के लिए आरक्षण की प्रक्रिया की गई। जिसके बाद शेष वार्डों में से 16 पर्ची निकालकर ओबीसी आरक्षित किया गया। ओबीसी 16 वार्ड में से पांच को महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया। शेष सभी वार्डों में से पिछले आरक्षण को ध्यान में रखते छह वार्ड की पर्ची हटाकर बाकी में से महिलाओं के लिए 9 पर्ची निकालकर उन्हें अनारक्षित महिलाओं के लिए आरक्षित किया गया।

### इन नेताओं के वार्ड प्रभावित

कांग्रेस और भाजपा के करीबन दर्जनभर नेता आरक्षण के फेर में फंस गए हैं। इनमें नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु का वार्ड क्रमांक 19 महिला आरक्षित हो गया है। कांग्रेसी पार्षदों में संतोष पिल्ले, गणेश पवार, विनय झा, अमीन हुद्दा, मधुकर बंजारी, महेश साहू, ऋषि शास्त्री जैसे नेताओं को दूसरे वार्ड में अपनी संभावनाएं तलाशनी होगी। वहीं भाजपा पार्षदों में नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, शिव वर्मा, गप्पू सोनकर, शरद सिन्हा, राजेश जैन जैसे नेताओं को दूसरे वार्ड से चुनाव लड़ना होगा।

## नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के वार्डों का किया गया आरक्षण

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के 15 वार्डों का भी आरक्षण गुरुवार को किया गया। इसमें अनुसूचित जाति मुक्त के लिए 01 वार्ड आरक्षित किया गया गया है। अनुसूचित जनजाति मुक्त के लिए 02 वार्ड, अनुसूचित जनजाति महिला के लिए 01 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए 02 वार्ड, अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए 01 वार्ड, अनारक्षित मुक्त के लिए 05 वार्ड एवं अनारक्षित महिला के लिए 03 वार्ड आरक्षित किया गया है। आरक्षण उपरांत नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए आरक्षण इस प्रकार से है। वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी वार्ड को अनुसूचित जनजाति महिला के लिए आरक्षित किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 02 लाल बहादुर शास्त्री वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 03 गुरु घासीदास वार्ड को अनुसूचित जाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 04 डॉ. अंबेडकर वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 05, दंतेश्वरी वार्ड को अनुसूचित जनजाति मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 06 रानी दुर्गावती वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 07 फिरतिनबाई को सामान्य महिला के लिए आरक्षित किया गया है। वार्ड क्र. 08 भगत सिंह वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए, वार्ड क्र. 09 रानी लक्ष्मीबाई वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 10 रामधुरी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 11 लोकमान्य तिलक वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्र. 12 सरदार पटेल वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। वार्ड क्र. 13 सुभाषचंद्र वार्ड को सामान्य महिला के लिए, वार्ड क्र. 14 इंदिरा गांधी वार्ड को सामान्य मुक्त किया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्र. 15 डॉ. जाकिर हुसैन वार्ड को अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त किया गया है। इस दौरान अपर कलेक्टर विजेंद्र सिंह पाटले, अनुविभागीय राजस्व अधिकारी हेमेंद्र भुआर्य, डिप्टी कलेक्टर अविनाश सिंह ठाकुर, ड्यूटी कलेक्टर शुभांगी गुप्ता, मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र सारस्वत, पुरुषोत्तमलाल साहू सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## छुईखदान-गंडई नपं में 5-5 वार्ड महिलाओं के खाते में

**खैरागढ़।** जिले के छुईखदान और गंडई नगर पंचायत में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कलेक्टोरेट में वार्डवार आरक्षण की प्रक्रिया पूरी हुई। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा की मौजूदगी में लॉट माध्यम में लॉटरी सिस्टम से आरक्षण प्रक्रिया हुई। जिसमें छुईखदान नगर पंचायत में बाबा साहब अंबेडकर वार्ड 13 अनुसूचित जाति, ऋतुपर्ण किशोर दास वार्ड 3 अनुसूचित जनजाति के लिए और राजमाता मोहन कुंवर वार्ड एक, अब्दुल कलाम वार्ड 4, राजीव गांधी वार्ड 11 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त के लिए आरक्षित हुआ। वहीं डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड 9, तिलक वार्ड 10, शिवाजी वार्ड 12, इंदिरा गांधी वार्ड 14 और महाराणा प्रताप सिंह वार्ड 15 सामान्य वर्ग के लिए अनारक्षित हुआ। जबकि सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड 2 और महात्मा गांधी वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग महिला कोटे से और जवाहरलाल नेहरू वार्ड 6, संजय गांधी वार्ड 7 और शहीद भगत सिंह वार्ड अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित किया गया। गंडई नगर पंचायत में कबीर साहेब वार्ड 1, संजय गांधी वार्ड 2, महात्मा गांधी वार्ड 3, मां गंगई वार्ड 7, विवेकानंद वार्ड 10 और शहीद भगत सिंह वार्ड 13 अनारक्षित, इंदिरा गांधी वार्ड 5 अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, गुरू घासीदास वार्ड 8 और डॉ. अंबेडकर वार्ड 15 अनुसूचित जाति, राजीव गांधी वार्ड 11 अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हुआ। जबकि बूढ़ादेव वार्ड 4 और कैलाश नगर वार्ड 6 अनारक्षित वर्ग, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड 9 अन्य पिछड़ा वर्ग, जवाहरलाल नेहरू वार्ड 12 अनुसूचित जनजाति और शिव मंदिर वार्ड 14 अनुसूचित जाति वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षित हुआ है। 2011 की जनगणना, वार्डवार जनसंख्या की स्थिति, पुराने चुनाव के दौरान हुए आरक्षण जैसे अन्य प्रक्रियाओं को ध्यान में रखते एडीएम सुरेंद्र सिंह ठाकुर, एसडीएम खैरागढ़ टंकेश्वर प्रसाद साहू, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे सहित अन्य अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिती में आरक्षण प्रक्रिया को पूरा कराया।

# कांग्रेस भवन की दुकानें तोड़े जाने पर गहमा-गहमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के जयस्तंभ चौक पर स्थित जर्जर कांग्रेस भवन की दुकानों को तोड़े जाने की प्रक्रिया एक बार फिर आज सुबह शुरू करते ही यहां व्यापारी और नेताओं के बीच जमकर बहस शुरू हो गई। इस दौरान माहौल गरमाता देख पुलिस भी मौके पर पहुंची। नेताओं ने व्यापारियों को समझाईश दी, लेकिन व्यापारी यहां की दुकान तोड़ने को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए अपनी दुकान पर ही सत्याग्रह शुरू कर दिया।

कांग्रेस भवन की दुकान तोड़े जाने को लेकर व्यापारियों और कांग्रेस नेताओं के बीच लंबी बातचीत और बहस का दौर चला आ रहा है। कांग्रेस द्वारा जर्जर भवन तोड़े जाने के दौरान भी व्यापारी इसका विरोध करते रहे। मामला पुलिस और प्रशासन तक भी पहुंच गया।

⏩ शेष पेज 12 पर



### सुबह से देर रात तक चलता रहा विवाद

कांग्रेस भवन तोड़े जाने के मामले को लेकर सुबह से रात तक व्यापारियों और कांग्रेसियों के बीच रूक-रूककर विवाद की स्थिति निर्मित होती रही। सुबह दुकान तोडे जाने के मामले के बहस के बाद दोपहर विद्युत विभाग के कर्मचारी बुलाकर दुकानों की लाइट कटाए जाने के मामले में एक बार फिर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया। वहीं देर शाम स्टे के मामले में भी झगड़े की स्थिति निर्मित होती रही।

### तोड़फोड़ पर न्यायालय से मिला स्टे

व्यापारियों के अनुसार वे इस जगह पर कई पीढ़ियों से काबिज हैं और उनकी जीविका इसी दुकान से चल रही है। दुकानदारों ने कांग्रेस भवन से पहले उन्हें दुकान बनाकर देने की मांग भी रखी थी। वहीं कांग्रेस पदाधिकारी के साथ बैठक में भी बात नहीं बनी। कांग्रेस द्वारा भवन निर्माण के लिए तोड़फोड़ कराए जाने को लेकर व्यापारियों ने न्यायालय की शरण ली और देर शाम इस मामले में न्यायालय भाड़ा नियंत्रण अधिकारी से अस्थाई स्टे लाकर तोड़फोड़ की कार्रवाई रूकवाने में व्यापारी सफल रहे।

# अवैध रूप से उर्वरक खाद निर्माण, फरार मुख्य आरोपी महाराष्ट्र से हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से उर्वरक खाद निर्माण करने के मामले में फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत 6 जुलाई 2023 को प्रार्थी जीवनलाल चंद्रवंशी 42 साल साकिन वार्ड नं. 01 कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक विकासखंड डोंगरगढ़ द्वारा थाना में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि आरोपी सुजीत धूत 55 साल साकिन ग्राम मरोडी तहसील अकोला जिला अकोला महाराष्ट्र एवं श्रुति त्रिवेदी पति मनुराज 44 साल साकिन बधियाटोला डोंगरगढ़ द्वारा मनीष राठी निवासी डोंगरगढ़ के मकान में बिना अनुमति एवं बिना लाईसेंस के उर्वरक खाद का निर्माण किया जा रहा है, जो कि छग में वैध नहीं है एवं आरोपी के कब्जे से 1921 किलो नकली उर्वरक खाद को जब्त किया गया है। रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा- 3, 7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस के अनुसार विवेचना दौरान आरोपिया श्रुति त्रिवेदी को 7 अक्टूबर 2023 को गिरफ्तार किया जा चुका था। प्रकरण के मुख्य आरोपी सुजीत धूत अपराध पंजीबद्ध होने के बाद से लगातार फरार चल रहा था। जिसकी पता तलाश हेतु थाना डोंगरगढ़ से टीम तैयार कर आरोपी के पता तलाश हेतु महाराष्ट्र टीम रवाना किया गया, जिस पर गठित पुलिस टीम द्वारा जिला अकोला महाराष्ट्र के थाना खदान पहुंचकर आरोपी के दिए पते पर जाकर रेड कार्रवाई कर आरोपी सुजीत धूत के पकड़े। आरोपी पुलिस के गिरफ्तार के डर से छिपा हुआ था।

### अकोला से पकड़ाया



आरोपी सुजीत धूत 55 वर्ष वार्ड क्र. 2 थाना बोरगांव मंजू तहसील अकोला हाल फ्लैट नं. 302 गणेशा रेसीडेंसी गिरीनगर गौरक्षण रोड थाना खदान जिला अकोला महाराष्ट्र से अवैध रूप से उर्वरक खाद बनाने के संबंध में पूछताछ किया, जो वैध दस्तावेज पेश नहीं किया, जिस पर आरोपी को 19 दिसंबर को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर ज्युडिशियल रिमांड पर भेजा गया है।

### जमीन की रजिस्ट्री के नाम पर किया गुमराह, मामले का खुलासा

# दो करोड़ रुपए की धोखाधड़ी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जमीन की रजिस्ट्री कराने के नाम पर प्रार्थी को वर्षों घुमाते रहने एवं 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत आवेदक इंद्रकुमार अदानी की शिकायत पर अनावेदकगण के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस के अनुसार विवेचना में पाया गया कि फगुवाराम गणेशराम ने पक्का इकरारनामा को शून्य कराए बिना पटवारी हल्का नं. 27 (1) खसरा नं 152/1 रकबा 1 डिसमील (2) खसरा नं. 154/1 रकबा 10 डिसमील (3) खसरा नं. 154/2 रकबा 9 डिसमील (4) खसरा नं. 145/2 रकबा 1.50 एकड़ (5) खसरा नं. 145/3 रकबा 45 डिसमील कुल रकबा 2.11 एकड जमीन को तृतीय पक्ष को आवेदक के जानकारी एवं ज्ञान के बिना तथ्यों को बेईमानी से छुपाते हुए किसी अन्य को 16 जनवरी 2023 को बिक्री कर दिया।

इसी प्रकार परसराम, हरिशंकर, दादूराम सोनकर छल करने के लिए पटवारी हल्का नं. 27, खसरा नं. 145/4 रकबा 1.50 एकड़ भूमि को छत्तीसगढ़ सोनकर समाज नंदई राजनांदगांव को दान में देने के लिए आम सूचना पेपर में प्रकाशित करवाया, जिस पर आवेदक ने आपत्ति दर्ज करवाया है।



### आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

मामले की गंभीरता को देखते आरोपीगण को जल्द गिरफ्तार करने हेतु जिले के पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन में थाना प्रभारी बसंतपुर सत्यनारायण देवांगन द्वारा आरोपी की पता तलाश हेतु टीम गठित कर आरोपी हरिशंकर सोनकर ऊर्फ झारराय पिता परसराम सोनकर 60 वर्ष निवासी बसंतपुर माहामाया चौक को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया। जिसने अपराध करना स्वीकार करने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में रिमांड पर भेजा गया।

**योजनाबद्ध तरीके से किया अपराध:** शिकायत जांच पर अनावेदकगण हरिशंकर सोनकर, फगुवाराम सोनकर, गणेशराम सोनकर, दादूराम सोनकर, परसराम सोनकर ने एक राय होकर छल करने की नियत से योजनाबद्ध तरीके से आवेदक इंद्रकुमार अदानी से दो करोड़ दो लाख रुपए कपटपूर्वक बेईमानी से आरोपी एक परिवार के सदस्य होकर आपराधिक षडयंत्र रचकर एग्रीमेंट कराए और एग्रीमेंट शुदा जमीन को रजिस्ट्री न कर उक्त जमीन को अन्य को बिक्री कर दिए तथा शेष जमीन को दान में देने के लिए ईश्तहार प्रकाशन किए। अपराध से बचने के लिए जब इन्हें ज्ञात हुआ कि क्रेता आवेदक इंद्रकुमार अस्पताल में है तो रजिस्ट्री पत्र के माध्यम से सूचना दिए, ताकि उक्त कृत्य से बच सके।

### माय एंगल






## खबर संक्षेप

### बाबा गुरु घासीदास ने सामाजिक समरसत्ता का संदेश दियाः योगेश्वर चन्द्राकर



**हरिभूमि कोलेगांव।** युवा नेता कांग्रेस योगेश्वर चन्द्राकर ने बाबा गुरु घासीदास जयंती पर बाबा गुरु घासीदास के जीवन से प्रेरणा लेकर उनके अनुयायी समाज में एक नई चेतना जागृत करने का प्रयास कर रहें, यही उनकी सच्ची सेवा होगी और समाज को भी उनका मार्गदर्शन मिलेगा। जो आज तक किसी ने नहीं किया होगा, वह काम गुरु घासीदास महाराज ने किया था, जो आज तक जारी है और आगे भी जारी रहेगा उनके द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर हम सभी लोगों को एक साथ मिलकर कार्य करने का संकल्प लेकर आगे बढ़ना है। उन्होने बताया की बाबा गुरु घासीदास ने कहा था की समाज में समानता, न्याय और शांति स्थापित करने का प्रयास करना चाहिए, जिससे समाज में सुधार हो सके तथा समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर किया जा सके तथा सामाजिक समरसता का संदेश दिया जा सके और इस उद्देश्य को हासिल करने में सहयोग दिया जाए तथा सभी को समान अधिकार प्राप्त हो सके। इसके साथ ही सामाजिक उत्थान हेतु समाज को जागरूक करने का संकल्प लिया। इस दौरान युवा नेता कांग्रेस योगेश्वर चन्द्राकर ने ग्राम पेंड्रीकला, खैरवार कला एवं छितापार बोड़तरा में दशगात्र कार्यकम में सम्मिलित होकर मृतात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित किया तथा समाज के लोगों से भी मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान उत्तरा दिवाकर, वेदप्रकाश चन्द्राकर, अंकित निर्मकलर एवं ग्रामवासी जन उपस्थित थें।

### छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ की हड़ताल स्थगित




**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ समर्थन मूल्य धान खरीदी कम्प्यूटर ऑपरेटर संघ 12 दिसम्बर से अपने तीन सूत्री मांग को लेकर रायपुर तुता के धरना स्थल पर अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए थे, वहीं आंदोलन का 6वां दिवस संगठन प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृषि मंत्री रामविचार नेताम से मुलाकात कर उनसे ठोस आश्वासन प्राप्त होने के बाद अपना अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित करने का निर्णय लिया है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने बताया की किसानो के समस्या को देखते हुए मंत्री के ठोस आश्वासन के बाद अपने काम वापस लौटने निर्णय लिया है।

### छात्र छात्राओं ने किया विस का शैक्षणिक भ्रमण



**हरिभूमि कवर्धा।** पीजी कॉलेज कवर्धा के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण के लिए छत्तीसगढ़ विधानसभा का प्रत्येक दर्शक दीर्घा में 17 दिसम्बर को विधानसभा कार्यवाही का अवलोकन किया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने प्रत्यक्ष रूप से विधानसभा की कार्यवाही, प्रश्न काल, विधायक प्रस्तुति, साथ ही साथ अपने छत्तीसगढ़ विधानसभा के सदस्यों अध्यक्ष और विभिन्न मंत्रियों के साथ विधायकों को प्रत्यक्ष चर्चा तथा विधायकों पर सहमति, असहमति एवं प्रश्न काल की कार्यवाही का आलोकन किया। तत्पश्चात विधानसभा परिषर का भ्रमण करते हुए



विधानसभा की पुस्तकालय और परिषर में प्रदर्शनी जयंती समारोह का भ्रमण किया, इस शैक्षणिक भ्रमण में विधानसभा कि सत्र की कार्यवाही का विधानसभा के अधिकारियों द्वारा पूर्ण जानकारी दी गई तथा छात्र-छात्राओं की जो भी प्रश्न थे उनका विस्तार पूर्ण जानकारी प्रदान किया गया। उक्त तिथि को 12 से 2:30 तक महाविद्यालय की छात्र-छात्राओं ने विधानसभा की शीतकालीन सत्र का दूसरा दिन का प्रत्यक्ष अवलोकन दर्शन दीघा में उपस्थित होकर अवलोकन किया महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ रिचा मिश्रा के मार्गदर्शन में राजनीतिक विज्ञान विभाग के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, अतिथि व्याख्याता सीमा चंद्रवंशी, मंजू शर्मा एवं अंग्रेजी विभाग अध्यक्ष कृष्ण बंजारे सहित 27 छात्र-छात्राओं नें विधानसभा की कार्यवाही का अवलोकन एवं भ्रमण किया।

आवश्कता है
* सेल्समैन - 05
* हेड मेकैनिक - 02
* computer operator - 02
JAY AUTOMOBILES KAWARDHA
Raipur Road(Kubota Tractor)
8602838759

समर्थन मूल्य में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय कर रहें है किसान

# जिले के किसानों ने अब तक बेचा 2 लाख 67 हजार 549 मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

धान खरीदी प्रारंभ होने के बाद जिले के किसान समर्थन मूल्य पर अपने धान का विक्रय पूरे जोश व उत्साह के साथ कर रहे हैं। मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किसानों की मेहनत का सम्मान करते हुए किसानों को 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेचने की सुविधा दी है। शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होने से किसानों में हर्ष व्याप्त है। जिले में अब तक 60 हजार 999 किसानों से 2 लाख 67 हजार 549 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है।

जिले में धान खरीदी के पहले दिन से किसानों ने धान खरीदी केंद्र पहुंचकर अपने धान को तौलकर समर्थन मूल्य में विक्रय कर रहे है। शासन के मंशानुरूप किसानों को पहले से ही टोकन जारी किया जा रहा है, जिससे आसानी से अपना धान का विक्रय कर रहे है। जिले में टोकनों के माध्यम से अब तक 2 लाख 67 हजार 549 मीट्रिक टन धान खरीदा गया है। इस बार प्रदेश सरकार द्वारा 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही है, जो किसानों के लिए एक महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा बनेगा। जिला प्रशासन ने धान खरीदी केंद्रों पर सुचारू और पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए व्यापक इंतजाम किए हैं। प्रत्येक केंद्र पर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है ताकि खरीदी प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संपन्न हो सके।



### धान खरीदी उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक व किसानों के लिए नई सुविधाएं सुनिश्चित की गई

धान विक्रय के 72 घंटे के भीतर किसानों के बैंक खातें में राशि प्राप्त हो रही है। किसानों की सुविधा के लिए जिले में नई सुविधा की शुरूआत की गई हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में माईक्रो एटीएम लगाए गए हैं। माइक्रो एटीएम में प्रतिदिन 10 हजार रूपए अधिकतम आहरण की सीमा निर्धारित है। जिले के किसानों में माइक्रो एटीएम के माध्यम से शीघ्र राशि मिल जाने पर खुशी है। शासन की नई व्यवस्था ऑनलाईन टोकन तुंहर हाथ एप्प के माध्यम से किसान धान बिक्री के लिए टोकन प्राप्त कर रहे हैं। धान उपार्जन केन्द्रों में किसानों से अच्छी गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी की जा रही है। किसानों के लिए धान उपार्जन केन्द्रों में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की गई है। धान खरीदी केन्द्र में कांटा-बांट, नापतौल, बारदाना, कम्प्यूटर सेट, प्रिंटर, आर्द्रतामापी यंत्र, सीसीटीवी कैमरा, रखरखाव, पेयजल, स्वास्थ्य कीट, छांव, बायोमेट्रिक डिवाईस मशीन, मानव संसाधन सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। धान उपार्जन केन्द्रों में मोटा, पतला एवं सरना धान की खरीदी की जा रही है।

## सब जूनियर नेशनल कराते प्रतियोगिता में वीरेंद्र व दिव्यांशी ने प्राप्त किया कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा





दिल्ली में सब जूनियर नेशनल कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे पूरे भारत से सभी राज्य के खिलाड़ियों ने भाग लिया। वहीं छत्तीसगढ़ से 42 खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया, जिसमे छत्तीसगढ़ कराटे टीम को 1 स्वर्ण, 1 रजत व 5 कांस्य पदक प्राप्त किया जिसमे दो कांस्य पदक कबीरधाम के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया।

जिमसे खिलाड़ी10 वर्ष बालक कुमिते प्रतियोगिता में वीरेंद्र खुशरे ने पंजाब को 6-0, तेलंगाना को 6-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाया वहीं सेमीफाइनल में असम के खिलाड़ी से 3-2 के अंतर से फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाए, जिसे कांस्य पदक पर हि संतुष्ट करना पड़ा। इसी तरह बालिका 13 वर्ष कुमिते 47 किलो ग्राम से कम में दिव्यांशी कुसरे ने तेलंगाना को 6-0, आंध्रप्रदेश को 6-0 व पंजाब को 8-2 से पराजित कर सेमीफाइनल में मध्यप्रदेश से 5-3 के स्कोर से पीछे होने फाइनल में प्रवेश नहीं कर पाई, जिससे उनको कांस्य पदक पर रुकना पड़ा। इसके साथ ही साथ लिजा जाखड़, स्वेक्छा तिवारी, फाइज रजा बेग, आदविक राय, भव्य श्रीवास, तेजस्वत यादव, प्रायूष भुआर्य, एकांश चंद्रवंशी सभी खिलाड़ियों ने अपने अनुभव और कड़े प्रयास का बेहतरीन प्रदर्शन किया जो आने वाले प्रतियोगिता में इनके अनुभव का लाभ मिलेगा। जिस पर सभी खिलाड़ियो के चयन पर कबीरधाम जिला कराटे संघ के पदाधिकारी गण, अभिभावक गण एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी।

### सीनियर सिटीजन समिति ने स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**हरिभूमि कवर्धा।** सीनियर सिटीजन समिति कवर्धा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से शनिवार को सुबह 10 से 1 बजे तक सियान कलेक्ट्रेट परिषर सियान जतन में स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का ब्लड प्रेशर, शुगर, क्षय रोग, कुष्ठ रोग, दृष्टि दोष, आंखों में कोई दोष संबंधी रोगियों की जांच की व सलाह अन्य उपकरण भी उपलब्ध कराए गए। उक्त शिविर में 60 वर्ष से अधिक के कोई भी व्यक्ति जो हमारी समिति के सदस्य हैं अथवा सदस्य नहीं है सभी लाभ ले सकते हैं। 70 वर्ष से अधिक आयु वाले जिन वरिष्ठ नागरिकों का आयुष्मान कार्ड 50 हजार राशि तक का उपचार के लिए नहीं बना है वह भी आकर के अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते हैं।

## गुरु घासीदास जयंती पर नगर में निकली भव्य शोभायात्रा व रैली



- नवीन जायसवाल व आनंद सिंह की अगुवाई में शोभा यात्रा का किया भव्य स्वागत ।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी बाबा गुरु घासीदास जयंती के शुभ अवसर पर नगर पंचायत पंडरिया में हर्षोउल्लास व धूमधाम के साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति में बाबा की धार्मिक मानवी संदेश के साथ झांकी शोभा यात्रा निकाली गई।

इस दौरान ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष नवीन जायसवाल व समाज सेविक आनंद सिंह के अगुवाई में उनकी टीम सहित नगर के कांग्रेस पार्षदों कार्यकर्ताओं युवाओ ने यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। वहीं नगर के अलग-अलग गली-मोहल्ले से निकली गुरु दद्दी संयुक्त रूप से समरूपारा बड़े जैतखाम में एकत्रित होकर एक साथ विशाल शोभा यात्रा के साथ निकली।

वही इस शोभा यात्रा झांकी व गुरु घासीदास की तैलचित्र जैतखाम की पूजा अर्चना कर श्री फल, माला व शाल भेंटकर स्वागतकर्ताओ ने प्रसाद स्वरूप बूंदी लड्डु सभी भक्तों को वितरण किया गया। वही पंडरिया नगर के हृदय स्थल गांधी चौक में पूरी शोभा यात्रा एकत्रित होकर बाजे-गाजे व डीजे तथा धूमाल में पंथी नृत्य की धुन में सभी थिरके। पंडरिया नगर में निकली भव्य शोभा यात्रा इस वर्ष और भी ऐतिहासिक रही। भव्य शोभा यात्रा में नगर के समूचे मोहल्ले जिसमे- समरूपारा, नवापारा, अलीपुर, मोतिनपुर, बेरागपारा, घोघरापारा, रेहुटा सहित आसपास क्षेत्र से आए श्रद्धालुजन उपस्थित थें।

### छात्राओं ने बताया बर्ड पर्चेस का खेतों में महत्व

**हरिभूमि कोलेगांव।** कवर्धा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम सोनपुरी (रानी) में भोरमदेव कृषि महाविद्यालय के चतुर्थ वर्ष पर छात्र छात्राओं द्वारा चलाए जा रहें रावे कार्यक्रम अंतर्गत छात्र छात्राओं ने ग्राम के किसानों को बर्ड पर्चेस (पक्षी बसेरा) का उपयोग खेतो में कैसे करें सिखाया। पक्षी बसेरा शिकारी पक्षियों के आराम करने और शिकार की तलाश करने के लिए विश्राम स्थल हैं। इनका उपयोग खेतों में कीटों को नियंत्रित करने के लिए किया जा सकता है जैसे कपास, मूंगफली और लोबिया के कीट धान के खेतों में हानिकारक कीड़े धान के खेतों में चूहे, शिकारी पक्षी खेतों की फसलों में शिकार की तलाश करना पसंद करते हैं जहां उनके आराम करने की जगह होती है, चूहों की तलाश के लिए उल्लू रात में पक्षियों के बैठने के स्थान का उपयोग करते हैं। इससे खेतो में हानिकारक कीटो की संख्या कम होती है, पक्षी पसेरा का प्रदर्शन किसान घनश्याम नाथ योगी के खेत में किया गया। जिसमें रावे छात्र मो. शाद मेमन, अजय केवट, अंकित पांडेय, विजयकांत, अभिनव पांडेय, प्रवीण सिन्हा, अभिषेक शर्मा, गेंदलाल, शुभम साहू, ऐश्वर्या, नम्रता, प्रतीक, यश, प्रवीण कुमार, सुमन साहू, खेमकुमारी, अमित बंजारे व विनय लांझेकर उपस्थित थे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## छात्र-छात्राओं ने किया 25 यूनिट स्वैच्छिक रक्तदान

- छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर किया रक्तदान।

हरिभूमि न्यूज ⏭पिपरिया




महंत श्री रामजानकी शरण दास वैष्णव शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय पिपरिया में प्राचार्य डॉ एसके श्रीवास के निर्देशानुसार रेड क्रॉस सोसायटी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के संयुक्त तत्वाधान में रक्त परीक्षण एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में ब्लड बैंक जिला कबीरधाम एवं उप स्वास्थ्य केंद्र पिपरिया के चिकित्सकों के संयुक्त नेतृत्व में महाविद्यालय से 25 छात्र-छात्राओं ने स्वैच्छिक रक्तदान किए। जिस पर डॉ एसके शर्मा (ब्लड बैंक प्रभारी) ने कहा कि रक्त शरीर के लिए जीवन रक्षक दवाई के रूप में आवश्यक अवयव है जिसकी पूर्ति सिर्फ स्वैच्छिक रक्तदान से की जा सकती है। जटिल प्रसव, एक्सीडेंट, बर्न, सिकल सेल, थैलीसीमिया व अन्य कारणों से से खून की कमी जैसी आपातकालीन स्थिति में रक्त की आवश्यकता होती है। रक्त को ब्लडबैंक में संयोजित कर जरूरत मंदो की जान बचाई जा सकती है। इस शिविर में प्रीति, सुमन, अश्वनी, स्वाति, अंशु, हमेश्वरी, गीता, आरती, उन्नति, जया, नीलू रक्तवीर छात्राओं एवं अन्य छात्राओं ने बढ़ चढ़कर रक्तदान किया जो प्रशंसनीय कार्य है, जिनके लिए उन्हें प्रशस्ति प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में वाइस चेयरमैन रेड क्रॉस जीवन कौशिक, जिला समन्वयक बालाराम साहू, विकास भोंसले, सतीश मांझी, अशोक यादव, आलिंद साहू, मेलाराम यादव, कोषाध्यक्ष रेडक्रॉस अनिल दानी, रेडक्रॉस सोसायटी नोडल अधिकारी सत्येंद्र चंद्रवंशी, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी बृजभूषण वर्मा एवं प्राध्यापकगण लीना झारिया, डॉ ममता दुबे, डॉ सरस्वती राठौर, नंदनी टंडन, श्रद्धा चंद्रवंशी, आराधना सेन, सुमन कामेश्वरी, अराधना व छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

### रामायण मानस मण्डली समिति का अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ लोककला राम आदिवासी रामायण मानस मण्डली पार्टी एवं सांस्कृतिक संगठन समिति वार्ड क्रं 07 गंगा नगर जिला कबीरधाम के शहर अध्यक्ष पद पर रामायण गायक रामकृपाल सिरश्याम को नियुक्त किया गया, सिरश्याम सहित अन्य पद पर नियुक्त किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष रमेश उइके, सचिव दिलीप यादव मनोनित किया गया। अध्यक्ष रामकृपाल सिरश्याम ने बताया कि वाल्मिकी कृत रचित श्री तुलसीदास राम चरित्र मानस रामायण महाकाव्य जैसे रचना पूरे भारत में कहीं नही है। रामायण हमारे जीवन में एक सुखमय नया सवेरा लाता है व प्रेरणा स्त्रोत साधन है।

### आधुनिक तकनीकी से कामकाज व खेती किसानी हुई सरल



**हरिभूमि बरबसपुर।** शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक वैज्ञानिक युग में आधुनिक मशीन व उपकरण से मनुष्य के जीवन शैली को सरल आसान बना दी है। जिसमें मनुष्य अपनी-अपनी जीवन शैली को बदलकर नई-नई तकनीकी से आविष्कार तथा खोज से मनुष्य की जीवन शैली को सरल बना दी गई है। जिससे खेती किसानी के कामकाज में मनुष्य कृषि के क्षेत्र में बड़ी चमत्कार आई है, जैसे किसानों ने हल-बैल के माध्यम से खेती किसानी कार्य करते थे, लेकिन आधुनिक वैज्ञानिक युक के चलते हल के जगह ट्रैक्टर, रीपर व हार्वेस्टर आ गई है, जिससे खेती किसानी कार्य में किसानों को बड़ी राहत दी गई। वहीं मनुष्य के जीवन शैली की रूपरेखा बदल गई है, विज्ञान में इतनी अविष्कार और नई नई खोज कर तकनीकी व उपकरण किसानों को दी है जिससे कृषि काम में मेहनत कम करना पड़ रहा है साथ ही साथ नई नई उपकरण से कृषि के क्षेत्र में किसानों को राहत मिली है।

घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
K'sagar's
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चेम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### समनापुर में क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित

**कवर्धा।** ग्राम समनापुर जंगल में स्मृति वन क्रिकेट क्लब की ओर से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। 20 दिसंबर से स्पर्धा शुरू होगी। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 30 हजार, द्वितीय पुरस्कार 15 हजार रुपए रखा गया है। इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश से 10 और छत्तीसगढ़ से 22 टीम हिस्सा ले रही है। लक्ष्मण नेताम ने बताया यह आयोजन ग्राम पंचायत स्तर में खेला जाएगा। क्रिकेट नियम के अनुसार एलबीडब्ल्यू को छोड़कर क्रिकेट के सारे नियम लागू रहेंगे। मैच में मैन ऑफ द सीरीज 1500 रुपए इनाम रखा गया है। साथ ही बेस्ट मैन, हैट्रिक विकेट लेने वाले प्रतिभागी को आयोजन समिति की ओर से 1-1 हजार रुपए इनाम दिया जाएगा।

# कबीरधाम जिले के 7 नगरीय निकायों के 120 वार्डों की आरक्षण प्राक्रिया पूरी



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा की उपस्थिति में गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के 7 नगरीय निकाय के कुल 120 वार्डों के लिए आरक्षण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस प्रक्रिया में नगर पालिका कवर्धा के 27 वार्ड, पंडरिया के 18 वार्ड के साथ साथ नगर पंचायत पिपरिया के 15 वार्ड, इंदौरी के 15 वार्ड, सहसपुर लोहारा के 15 वार्ड, बोड़ला के 15 वार्ड और पांडातराई के 15 वार्डों का अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं के लिए आरक्षण निर्धारित किया गया। छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम, 1961 की धारा-29 (क) सहपठित छत्तीसगढ़ नगर पालिका (अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं महिलाओं के लिये वार्डों का आरक्षण) नियम 1994 के प्रावधानों के तहत कवर्धा जिले के सभी नगर निकायों में वार्डों के लिए आरक्षण सुनिश्चित किया गया।

#### नगर पालिका परिषद कवर्धा

कवर्धा नगर पालिका परिषद के वार्ड 01 में आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड 05 में अनुसूचित जन जाति महिला, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अनुसूचित जन जाति मुक्त, वार्ड 11 में अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित महिला, वार्ड 16 में अनारक्षित महिला, वार्ड 17 में अनुसूचित जाति महिला, वार्ड 18 में अनुसूचित जाति मुक्त, वार्ड 19 में अनुसूचित जाति वर्ग महिला, वार्ड 20 में अन्य पिछड़ा वर्ग महिला, वार्ड 21 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 22 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 23 में अन्य पिछड़ा वर्ग. मुक्त, वार्ड 24 में अनारक्षित महिला, वार्ड 25 में अनारक्षित महिला, वार्ड 26 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 27 में अनुसूचित जाति मुक्त है।

#### नगर पालिका परिषद पंडरिया

पंडरिया नगर पालिका के वार्ड 01 में आरक्षण अ.जा. महिला, वार्ड 02 में अ.जा. महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 11 में अ.ज.जा महिला, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग. महिला, वार्ड 14 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 16 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 17 में अनारक्षित मुक्त और वार्ड 18 में अनारक्षित मुक्त है।

#### नगर पंचायत पिपरिया

नगर पंचायत पिपरिया के वार्ड 01 में आरक्षण अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 02 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अ.जा. महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित महिला, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में आनारिक्षत महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

#### नगर पंचायत स.लोहारा

नगर पंचायत सहसपुर लोहारा के वार्ड 01 में अनारक्षित महिला, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 06 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 07 में अ.ज.जा. मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित महिला, वार्ड 10 में अ.जा महिला, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 13 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 14 में अ.पि.वर्ग. महिला और वार्ड 15 में अनारक्षित मुक्त है।

#### नगर पंचायत पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अन्य पिछड़ा वर्ग मुक्त, वार्ड 04 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित महिला, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 11 में अ.पि.वर्ग. महिला, वार्ड 12 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित महिला, वार्ड 14 में अ.जा. महिला और वार्ड 15 में अ.जा मुक्त है।

#### नगर पंचायत बोड़ला

नगर पंचायत बोड़ला के वार्ड 01 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित महिला, वार्ड 03 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 04 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 05 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 06 में अ.जा. मुक्त, वार्ड 07 में अ.पि.वर्ग मुक्त, वार्ड 08 में अ.पि.वर्ग महिला, वार्ड 09 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 10 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 11 में अ.जा महिला, वार्ड 12 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 13 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 14 में अनारक्षित महिला और वार्ड 15 में अ.ज.जा महिला है।

#### नगर पंचायत इंदौरी


नगर पंचायत इंदौरी के वार्ड 01 में आरक्षण अनारक्षित मुक्त, वार्ड 02 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 03 में अनारक्षित महिला, वार्ड 04 में अनारक्षित महिला, वार्ड 05 में अ.ज.जा मुक्त, वार्ड 06 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 07 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 08 में अनारक्षित महिला, वार्ड 09 में अ.जा महिला, वार्ड 10 में अ.जा मुक्त, वार्ड 11 में अनारक्षित मुक्त, वार्ड 12 में अ.जा मुक्त, वार्ड 13 में अ.जा मुक्त, वार्ड 14 में अ.जा मुक्त और वार्ड 15 में अ.जा. महिला है।

### समस्या: नेशनल हाईवे 30 चिल्फीघाटी में पूरी रात लगा रहा जाम

# कड़ाके की ठंड में रातभर बीच जंगल में ठिठुरते रहे बस यात्री

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा/चिल्फी

बीती रात जिले से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 से होकर जबलपुर से रायपुर और रायपुर से जबलपुर की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को पूरी रात बीच जंगल में कड़ाके की ठंड में ठिठुरना पड़ गया। दरअसल सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदशील चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में स्थित नागमोरी के पहले बुधवार की रात करीब 11.00 बजे एक ट्रैलर वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला यह मार्ग बंद हो गया। स्थिति ये थी कि न तो जबलपुर की तरफ से आने वाला कोई भारी वाहन इस तरह आ पा रहा था और न ही रायपुर की तरफ से जाने वाला वाहन उस तरफ जा पा रहा था। इन हालातों में देखते ही देखते मार्ग के दोनो और सैकड़ों छोटे-बड़े वाहनो का लंबा जाम लग गया और आवागमन पूरी तरह से ठप पड़ गया। जिसकी सूचना तत्काल चिल्फी पुलिस को दी गई। लेकिन बताया जाता है कि जाम इतना लंबा और बेतरतीब था कि पुलिस को आगे बढ़ने में घंटों लग गए और पूरी रात जाम को बहाल करने की जद्दोजहद में ही निकल गई। इन हालातों में सार्वधिक परेशानी उन यात्रियों को उठानी पड़ी जो बसों में सफर कर रहे थे। बताया जाता है कि जाम में फंसे इन यात्रियों को पूरी रात बीच जंगल में कड़ाके की ठंड के बीच गुजारनी पड़ी। भोर फटने के बाद जैसे तैसे पुलिस ने जाम खुलवाने की कार्यवाही तेज की तब कहीं जाकर गुरूवार की दोपहर करीब 11.00 बजे जाम खुल पाया और यात्रियों ने राहत की सांस ली।



#### आए दिन चिल्फीघाटी में लग जाता है जाम

यहां बताना लाजिमी होगा कि चिल्फी थाना क्षेत्र से गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 स्थित नागमोरी में चाहे जब जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। सीधे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ को जोडने वाले इस नेशनल हाईवे में आवागमन इतना अधिक है कि अगर कुछ देर के लिए भी जाम की स्थिति निर्मित हुई तो मार्ग के दोनो और सैकड़ों की वाहनो की लंबी कतारे लग जाती है और मार्ग घंटों के लिए ठप पड़ जाता है। वहीं मार्ग काफी घुमावदार, कम चौड़ाई का तथा और ठंड के इन दिनो में कोहरे की वजह से अक्सर इस तरह के हालात निर्मित हो रहे हैं। बताया जाता है कि अभी दो रोज पूर्व भी एक गेंहू से भरे ट्रक के पलट जाने से मार्ग जाम हो गया था। ऐसी ही स्थिति बुधवार की रात में भी देखने को मिली।

# अमलीमालगी का शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला भवन जर्जर प्राथमिक स्कूल में लग रहीं क्लासें



■ वर्षो की मांग के बाद भी समस्या पर नहीं की गई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭कोलेगांव

वर्षो की मांग के बाद भी विकासखण्ड पंडरिया के ग्राम कुंआमालगी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला को अपना भवन नहीं मिल पाया है जिसके चलते यहां अध्यनरत करीब 105 विद्यार्थियों को वैकल्पिक व्यवस्था के तहत स्थानीय शासकीय प्राथमिक शाला भवन में दूसरे सिफ्ट में अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। जिससे पूर्व माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुंआमालगी में संचालित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय के लिए वर्षो पूर्व निर्मित कराया गया भवन पूरी तरह से जर्जर तथा खस्ताहाल हो चुका है। इस भवन की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब यहां बच्चों को बैठाकर पढ़ाना-लिखाना खतरे से खाली नहीं है। यही वजह है कि स्कूल प्रशासन सहित स्कूली बच्चों, उनके पालकों व ग्रामीणों ने ग्राम कुंआमालगी में नए पूर्व माध्यमिक शाला भवन की मांग शासन-प्रशासन से की थी। लेकिन बताया जाता है कि इस मांग के किए जाने के वर्षो बाद भी ग्राम कुंआमालगी में नए पूर्व माध्यमिक शाला भवन की स्वीकृति नहीं दी गई। मजबूरन अब इस विद्यालय के विद्यार्थियों को सुरक्षा की दृष्टि से गांव में ही संचालित शासकीय प्राथमिक शाला भवन में सिफ्ट कर दिया गया है। जहां प्रथम पाली में प्राथमिक शाला का संचालन किया जा रहा है तो द्वितीय पाली में पूर्व माध्यमिक शाला का संचालन किया जा रहा है। निश्चित रूप से स्कूल शिक्षा विभाग की इस व्यवस्था से काम तो चल रहा है लेकिन इस व्यवस्था से स्कूली बच्चों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे देखते हुए स्कूल प्रशासन सहित स्कूली बच्चों, उनके पालकों व ग्रामीणों ने ग्राम कुंआमालगी में नए पूर्व माध्यमिक शाला भवन की मांग की है।

#### गांव में आंगनबाड़ी भवन का भी आभाव

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि गांव के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला की ही तरह यहां संचालित आंगनबाड़ी क्रमांक 1 का भवन आज तक नहीं बन पाया है। इस स्थिति में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अपने ही घर में आंगनबाड़ी का संचालन करने मजबूर है। इस संबंध में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहित ग्रामीणों द्वारा कई बार शासन-प्रशासन से लेकर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन इन आभावों को कोई भी जिम्मेदार गंभीरता से नहीं ले रहा है। घर पर आंगनबाड़ी का संचालन करने से बच्चों को कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में गौ-पूजन कार्यक्रम और निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



**कवर्धा।** जनादेश परब और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिले में गौवंश संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से भव्य गौ-पूजन कार्यक्रम और निःशुल्क बहुद्देशीय पशु चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में समाजसेवियों, गौशाला समितियों और पशुपालन विभाग के अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसी कड़ी में छपरी स्थित श्री राधा माधव गौ सेवा समिति में आयोजित गौ-पूजन कार्यक्रम में समाजसेवी कैलाश शर्मा, श्रीमती सुनीता यादव, अजय तिवारी और समिति अध्यक्ष रामकृष्ण वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। गौशाला समिति की बैठक में गौवंश संरक्षण और संवर्धन की महत्ता पर गहन चर्चा की गई। पशुपालन विभाग के उपसंचालक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में गौसेवा क्षेत्र में योगदान देने वाले दानदाताओं जैसे मनोज अग्रवाल (राशि दान), श्रीमती आरती दुबे (पैरादान), और सतीश गुप्ता (चारा दान) को श्रीफल और शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया। गौशाला के पशुओं की देखभाल करने वाले सेवकों को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। निःशुल्क बहुद्देशीय पशु चिकित्सा शिविर में 150 से अधिक पशुओं का उपचार किया गया। इसी तरह रमतला स्थित मां बम्हनदेई गोपाल गौ सेवा समिति में आयोजित कार्यक्रम में गौ-पूजन के साथ गौशाला समिति की बैठक आयोजित हुई।

# स्कूली बच्चों को कराया विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कबीरधाम जिले के शासकीय हाई स्कूल, मोतिमपुर के छात्रों ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा का शैक्षणिक भ्रमण किया। अपने रायपुर भ्रमण के दौरान बच्चो ने रीज़नल साइंस सेंटर का भी भ्रमण किया। विधानसभा भ्रमण के दौरान छात्रों ने विधानसभा कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। भ्रमण के दौरान छात्रों ने उपमुख्यमंत्री एवं विधायक विजय शर्मा से मुलाकात की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने छात्रों से विधानसभा भ्रमण की पूरी जानकारी ली और राज्य की राजनीति, विधायी प्रक्रिया और उनके महत्व के बारे में बताया। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। उपमुख्यमंत्री के निर्देश पर स्कूली बच्चों को रीजनल साइंस सेंटर का भी भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर था। इससे उन्हें राज्य की राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। छात्रों ने विधानसभा भ्रमण और उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा से मुलाकात को बेहद प्रेरणादायक बताया और भविष्य में ऐसी और भी शैक्षणिक यात्राओं की इच्छा जताई। इस अवसर पर कबीरधाम जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




### सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता में कवर्धा पीजी कॉलेज की टीम अव्वल



**कवर्धा।** हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालयीन सॉफ्टबॉल महिला प्रतियोगिता का आयोजन गत दिनो कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के तत्वाधान में सफलता पूर्वक आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग से संबंध समस्त सॉफ्टबॉल महिला टीम सम्मिलित हुए। जिसमें शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा की महिला टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर ट्रॉफी को अपने नाम किया है। यह प्रतियोगिता लीग सिस्टम से खेला गया, जिसमें कवर्धा महिला टीम अपने सभी राउंड के मैच में विजेता रहे और प्वाइंट टेबल में सर्वाधिक अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। मैच के दौरान सॉफ्टबॉल खेल के जानकार एवं विशेषज्ञों ने कवर्धा टीम की जमकर तारीफ की, साथ ही हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग के संचालक डॉ.दिनेश नामदेव सर, डॉ. नीता एस. नायर, अरुण चौधरी ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन को देखकर उनकी सराहना की। पीजी कॉलेज कवर्धा के स्पोर्ट्स ऑफिसर खेलन माहूले ने बताया कि महाविद्यालय की सॉफ्टबॉल महिला टीम के सभी खिलाड़ी पढ़ाई के साथ-साथ नियमित खेल कौशल का अभ्यास करते हैं। टीम के प्रदर्शन से पीजी कॉलेज कवर्धा में हर्ष का माहौल है।

### भाजयुमो ने कवर्धा में फूंका मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला

# संविधान व डॉ. अम्बेडकर को लेकर कांग्रेस का चाल चरित्र उजागर होने से कांग्रेसी तिलमिलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय आव्हान व प्रदेश भाजयुमो के निर्देश पर गुरूवार को जिला भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस द्वारा देश के गृह मंत्री अमित शाह पर संविधान तथा डॉ. भीम राव अम्बेडकर का अपमान किए जाने का झूठा आरोप लगाए जाने पर जिला कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू के नेतृत्व में भाजयुमो के कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने कांग्रेस द्वारा देश के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा देश की संसद में बाबा साहब अम्बेडकर एवं संविधान पर दिए गए बयान पर फर्जी वीडियो बनाकर देश के गृह मंत्री तथा भाजपा की लोकप्रिय छवि को खराब करने का प्रयास करने के आरोप में कवर्धा स्थित कांग्रेस कार्यालय का घेराव किया और कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका की। इस अवसर पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा कि देश की आजादी के बाद से लेकर अपने पचास वर्ष से अधिक के शासनकाल के दौरान कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं ने जिस ढंग से भारत के संविधान और उसके निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडर का लगातार अपमान किया है, उसे हाल ही में देश की संसद में देश के प्रधानमंत्री नरेद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा के दौरान पूरी प्रमाणिकता के साथ देशवासियों के सामने रखा है। श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी तथा गृह मंत्री श्री शाह द्वारा कांग्रेस पार्टी तथा उनके नेताओं द्वारा संविधान तथा डॉ भीमराव अम्बेडकर के प्रति चाल, चरित्र को उजागर करने के बाद कांग्रेस तिलमिला गई है और अब वह ओछी राजनीति पर उतर आई है। यहीं वजह है कि कांग्रेस ने राज्यसभा में गृह मंत्री द्वारा संविधान तथा डॉ अम्बेडकर पर कहीं गई बातों को तोड़ मरोड़कर वॉयरल किया गया है। जो कांग्रेस पार्टी और उनके नेताओं की गिरी हुई तथा चरित्रहीन घटिया हरकत है। वहीं शहर भाजपा मण्डल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने कहा कि भाजपा तो वो पार्टी है जिसके नेता तथा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डॉ. भीमराव अम्बेडकर को भारत रत्न देने का कार्य किया है। आजादी के बाद पहली बार डॉ भीमराव अम्बेडकर की जन्म स्थली पर उनकी प्रतिमा स्थापित करने का कार्य भाजपा ने किया है। ऐसे में देश के संविधान की पूजा करने वाली भाजपा तथा उनके नेताओं पर इस तरह का झूठा आरोप लगाना बेहद गंभीर निंदनीय है। वहीं कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल ने संबोधित करते हुए कहा कि अब कांग्रेस के पास सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाने के कुछ भी नहीं बचा है और वह बेवजह झूठे आरोप लगा रही है। यहीं वजह है कि आज भाजयुमो ने इसके विरोध में कांग्रेस कार्यालय का घेराव कर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खड़गे तथा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंककर अपना विरोध प्रकट किया है।



# एनएच-30 में एथेनॉल से भरा ट्रक टैंकर पलटा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कोतवाली थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में गुरूवार की शाम एथेनॉल से भरा एक ट्रक टेंकर दुर्घटना का शिकार होकर पलट गया। हालांकि इस हादसे में कोई जनहानि की खबर नहीं है लेकिन बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद पलटे ट्रक टेंकर से एथेनॉल का रिसाव शुरू हो गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरूवार की शाम पंजाब से एथेनॉल लेकर रायपुर की ओर जा रहा ट्रक टेंकर क्रमांक पीजे 39 टी 5759 अपनी तेज रफ्तार और चालक की लापरवाही के चलते अनियंत्रित होकर ग्राम सिंघनपुरी-जोराताल के बीच पलट गया। इस दुर्घटना में वाहन चालक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद इसकी सूचना कवर्धा पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस आगे की कार्यवाही कर रही है। टेंकर में 40 हजार लीटर एथेनॉल भरा था।



## सार समाचार



### भाषण स्पर्धा में खुशी प्रथम

**राजनांदगांव।** केशर नगर स्थित गायत्री विद्यापीठ सीजी अंग्रेजी माध्यम में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। युवा एवं खेल कल्याण विभाग द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें तात्कालिक भाषण में कक्षा 12वीं की पायल कोटेचा रही। वहीं चित्रकला में प्रथम खुशी कांकरिया तथा द्वितीय देव्यांश गौतम रहे। प्राचार्य पिंकी खंडेलवाल ने तीनों बच्चों की प्रशंसा करते कहा कि इतने कम समय में बच्चों ने बहुत अच्छा प्रयास किया है, जो हमारे लिए गर्व की बात है। संस्था के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन ने कहा कि गायत्री विद्यापीठ के विद्यार्थी सभी क्षेत्रों में पारंगत है, जो शहर में एक अनोखी छाप छोड़ते हैं। इस अवसर पर बृजकिशोर सुरजन, राजेश जैन, संध्यादेवी सिंघल, सूर्यकांत चितलांग्या, गगन लड्ढ़ा, निकुंज सिंघल, नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, हरीश गांधी, रूपाली गांधी, अमित उत्तलवार, पिंकी खंडेलवाल, वंदना डुम्भरे, अनिल बाजपेयी, तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

### आज शहर में निकलेगी क्रिसमस रैली

**राजनांदगांव।** प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर मसीही समुदाय की ओर से इस वर्ष भी राजनांदगांव के समस्त पासबानों के निर्णय अनुसार कल 20 दिसंबर को मसीह समाज द्वारा भव्य क्रिसमस रैली एवं झांकी का आयोजन किया गया है। उक्त रैली शांतिपूर्ण एवं सदभावनापूर्वक निकाली जाएगी, जो स्थानीय वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड राजनांदगांव के प्रांगण से संध्या समय 6.30 बजे प्रारंभ होगी, जो शहर के कामठी लाइन, भारतमाता चौक, पुराना थाना, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाइन, गुडाखू लाइन, पोस्ट ऑफिस चौक होते हुए चर्च कैम्पस प्रांगण में समाप्त होगी। उक्त जानकारी देते वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च के अध्यक्ष रेव्ह डॉ. सुमन लाल ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न चर्च के पुरोहितों द्वारा प्रभु यीशु मसीह के जन्मदिवस पर प्रवचन दिया जाएगा एवं रैली में मसीही गीत गाए जाएंगे। रैली में वेसलियन मेथोडिस्ट चर्च स्टेशन रोड, मसीही मदीर चर्च गौरीनगर, मसीह आराधनालय, सेन्ट जॉन द बैप्टीस चर्च, मेनोनाईट चर्च, मारधोना चर्च, सिरियन आर्थोडॉक्स चर्च, न्यु अपोस्टिलिक चर्च, एसेम्बली ऑफ गॉड, चर्च ऑफ गॉड, इडियन फूल गॉरपल मिशन, मसीही ग्रामीण कलीसिया, रहबोत किश्चियन असेम्बली, किश्चियन असेम्बली, आईसीएम, गिडियन इंटर नेशनल राजनांदगांव, वेसलियन चर्च स्कूल परिसर, इंडियन पेंटीकॉस्टल चर्च, आशानगर से मसीही समाज के अनुयायी शामिल होंगे।

### कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रसारण

**राजनांदगांव।** भारत सरकार के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के माध्यम से कृषि शिक्षा एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से कृषि चौपाल कार्यक्रम शुरू किया गया है। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों का कृषि विशेषज्ञों के साथ सीधा संवाद स्थापित करना है। कृषि चौपाल कार्यक्रम का प्रथम भाग का प्रसारण 7 दिसंबर को दोपहर 2 से 3 बजे तक किया गया। जिसमें विभिन्न फसलों की 109 में से 54 किस्मों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कृषि विज्ञान केंद्र राजनांदगांव में किया गया एवं किसानों के साथ संवाद किया गया और विश्व मृदा दिवस के पर मृदा संरक्षण हेतु किसानों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष के रूप में आईसीएआर अटारी जबलपुर के बोर्ड मेम्बर बिशेश्वर दास साहू ने विभिन्न फसलों के उत्पादन लाभ पर चर्चा की। विशिष्ठ अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य मधु सुकृत दास साहू ने रबी मौसम में तिलहन फसलों की खेती पर जोर दिया। कृषि विभाग से उप संचालक नागेश्वर लाल पांडये ने धान उत्पादन लाभ की बधाई देते रबी मौसम में धान के अलावा अन्य तिलहन व दलहन फसल लगाने हेतु प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. गुंजन झा ने उद्यानिकी फसलों की प्रबंधन तकनीक की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. नूतन रामटेके ने पशुओं में टीकाकरण के महत्व को समझाया एवं अंजलि धृतलहरे ने प्राकृतिक खेती के घटकों जैसे नीमास्त्र, आग्नेयास्त्र एवं जीवामृत के उपयोग की सलाह दी, ताकि नुकसानदायक रसायनिक दवाओं का उपयोग कम किया जा सके।

### राजनांदगांव जिला प्रदेश में द्वितीय स्थान पर

**राजनांदगांव।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग भारत सरकार द्वारा मोबाइल अकादमी कोर्स का संचालन किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक द्वारा राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मोबाइल अकादमी कोर्स के तहत राजनांदगांव जिले को प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग राजनांदगांव द्वारा शत-प्रतिशत मोबाइल अकादमी कोर्स पूर्ण करने पर सभी विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में सभी के सामूहिक प्रयास से यह सफलता मिली है। जिले की ओर से नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जंघेल, जिला प्रबंधक डाटा अखिलेश कुमार चोपड़ा, जिला डाटा सहायक प्रीति सिंह एवं सचिवालय सहायक रवि मेश्राम ने प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह प्राप्त किया गया।

### पवनतरा मंडई आज

**जालबांधा।** समीपस्थ ग्राम पवनतरा में 20 दिसम्बर को मंडई का आयोजन रखा गया है। इस अवसर पर रात्रि में किशन सेन कृत बेमेतरा वालों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए ग्राम के राजेन्द्र वर्मा ने क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मंडई मेला का लुत्फ उठाने एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

पृष्ठ 09 का शेष

### कांग्रेस भवन की....

बीते दिनों रात्रि के वक्त तोड़फोड़ किए जाने का विवाद भी काफी गरमाया था। जिसके बाद कार्रवाई बंद कर दी गई थी। वहीं आज सुबह एक बार फिर कांग्रेस भवन की जर्जर इमारत के साथ ही भवन परिसर में बनी दुकानों को तोड़े जाने की कार्रवाई शुरू की गई। जिसको लेकर व्यापारियों ने आक्रोश व्यक्त किया।

**कांग्रेस ट्रस्ट की जमीन पर बनी थी दुकान-** कांग्रेस भवन ट्रस्ट की जमीन पर कांग्रेस कमेटी का भवन और लगभग 20 दुकानों का निर्माण किया गया था। जिनमें सभी दुकानदारों ने स्वयं को फाउंडर मेंबर बताते हुए प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी, लेकिन किसी भी प्रकार का दस्तावेज व्यापारियों द्वारा पेश नहीं किया गया था।

**जर्जर घोषित भवन और दुकानें-** कांग्रेस भवन को जर्जर घोषित किए जाने के बाद इसे तोड़ने की कार्रवाई की जा रही है। जिसमें भवन परिसर में बनी दुकानें भी तोड़ी जा रही है, ताकि कांग्रेस भवन का नवनिर्माण किया जा सके। कांग्रेस पदाधिकारी के अनुसार संबंधित दुकानदार वर्षों से किराया नहीं पटा रहे हैं। वहीं दुकानदारों ने दुकान के लिए मांगे जा रहे 30-35 लाख रुपए की राशि और कुछ भी लिखित में नहीं देने को लेकर अपना विरोध किया।

**दुकानें तोडे जाने से आक्रोश -** आज सुबह कांग्रेस भवन की ओर से दो दुकानों को पीछे से तोड़ने की कार्रवाई की गई। जिसका विरोध व्यापारियों ने किया। वहीं इस दौरान कांग्रेस भवन परिसर के भीतर मीडिया को भी प्रवेश से कांग्रेस पदाधिकारियों ने रोका।

**व्यापारियों ने शुरू किया सत्याग्रह-** दुकान तोडे जाने के मामले को लेकर इधर नाराज व्यापारियों ने अपनी दुकानों के बाहर सत्याग्रह का बैनर लगाकर बुलडोजर कार्रवाई के विरोध में आंदोलन शुरू कर दिया।

## बाबा साहब अंबेडकर पर टिप्पणी का मामला

# कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोकसभा में बाबा साहब अंबेडकर को लेकर विवादित टिप्पणी किए जाने का आरोप लगाते कांग्रेस ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया है।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुतले के साथ रैली निकाली और गृहमंत्री अमित शाह से इस्तीफे की मांग करते उनका पुतला दहन किया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के पुतला दहन का आयोजन किया गया था। लोकसभा में कांग्रेस पर तंज कसते केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा बाबा साहब अंबेडकर को लेकर टिप्पणी मामले में कांग्रेसियों ने नाराजगी व्यक्ति की और शहर के जयस्तंभ चौक पर उनका पुतला दहन किया।



### पुलिस ने किया अग्निशामक यंत्र का उपयोग

इधर जयस्तंभ चौक पर पुतला दहन को लेकर पुलिस मुस्तैद रही। जैसे ही कांग्रेसियों ने केंद्रीय गृहमंत्री के प्रतिकात्मक पुतले पर आग लगाई, वैसे ही पुलिस ने अग्निशामक यंत्र का प्रयोग करते पुतले की आग बुझा दी। अग्निशामक यंत्र से पुतले की आग बुझाने के दौरान कुछ कांग्रेसी नेताओं की आंखों में यंत्र का सफेद पावडर भी चला गया। जिससे तीन कांग्रेसियों की आंखों में जलन होने के चलते उन्हें अस्पताल ले जाया गया।

### कांग्रेसजनों ने मांगा इस्तीफा

पुतला दहन के आयोजन को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहब अंबेडकर के खिलाफ गलत टिप्पणी की है। भारत रत्न और संविधान निर्माता पर ऐसी टिप्पणी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उनके नेताओं के दिल में संविधान के खिलाफ जो है, वह बाहर आ गया। वहीं महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि केंद्रीय गृहमंत्री ने बाबा साहब अंबेडकर का अपमान किया है। भारतीय जनता पार्टी की यह आदत है कि वे दलितों को सम्मान नहीं दे सकती। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अमित शाह दलित समाज और देश से इस टिप्पणी के लिए माफी मांगे।

### गृहमंत्री के खिलाफ नारेबाजी

कांग्रेस द्वारा आयोजित इस पुतला दहन के दौरान विवादित टिप्पणी के मामले को लेकर केंद्रीय गृहमंत्री के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पुतला दहन के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भागवत साहू, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव मेहुल मारू, भुवनेश्वर बघेल, सूर्यकांत जैन, सुदेश देशमुख, अमित चंद्रवंशी, अभिमन्यु मिश्र, राजा यादव, मनीष गौतम, सिद्धार्थ डोंगरे सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## वार्ड की समस्याओं का निराकरण करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नं. 20 पेंड्री में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह गुरू घासीदास की जयंती एवं नवनिर्मित सतनाम मंगल भवन में आयोजित लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए।



छग मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने वार्ड क्र. 20 पेंड्री में वार्ड की समस्याओं को लेकर जानकारी देते निराकरण एवं स्वीकृति राशि प्रदान करने की मांग रखी।

### बासुला में आज मडई मेला

**राजनांदगांव।** ग्राम बासुला में संत शिरोमणी गुरू घासीदास बाबा की 268वीं जयंती पर गांव में मड़ई मेला कल 20 दिसंबर को कार्यक्रम आयोजित किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए रंगझाझर लोककला मंच ग्राम रेंगाकठेरा (बखत) वालों का कार्यक्रम रखा गया है।

उक्त जानकारी समाज के अध्यक्ष सुकालू राम मांडले ने दी।

## सामुदायिक भवन का लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर विकास की कडी में नगर निगम द्वारा वार्डों में रोड, नाली के अलावा मुक्तिधाम उन्नयन, उद्यान निर्माण, तालाब सौंदर्यीकरण तथा सामुदायिक भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शांतिनगर बौद्ध विहार के पास मुख्यमंत्री घोषणा अंतर्गत 5 लाख रुपए की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। जिसका बुधवार को महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने सामाजिक बंधुओं की उपस्थिति में फीता काटकर पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में मधुकर वंजारी, सतीश मसीह, सिद्धार्थ डोंगरे, पूर्णिमा नागदेवे, भीमराव मेश्राम उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में समाज के यादवराम भीमटे, रामचंद मेश्राम, परसराम बागडे, राजकुमार मेश्राम, प्रहलाद फुले, संजय मेश्राम, आशीष रामटेके, आशीष बागडे, राजकुमार भीमटे, मनीष भीमटे, अंजु मेश्राम, चंद्रकला मेश्राम, माला मेश्राम ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत पश्चात महापौर ने भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उप अभियंता डागेश्वर कर्ष सहित बौद्ध अनुयायी उपस्थित थे।

## 38 खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्पर्धा में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ हॉकी कार्यालय म्युनिसिपल स्कूल परिसर में 19 दिसंबर को दोपहर 12 बजे जिला हॉकी संघ राजनांदगांव की आवश्यक बैठक संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी की अध्यक्षता व सचिव शिवनारायण धकेता की उपस्थिति में संपन्न हुई।

संघ के अध्यक्ष ने पिछले वर्ष में किए हॉकी के विकास कार्य की जानकारी देते इस वर्ष भी संघ को जो दायित्व मिले हैं, उसे पूर्ण करने सभी को एकजुट होकर कार्य करने का सुझाव देते कहा कि आगामी वर्ष 2025 में सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता फरवरी माह में आयोजित कराने हेतु समिति अध्यक्ष कलेक्टर से मांग की जाएगी। प्रतियोगिता तैयारी को लेकर भी चर्चा की गई। आगामी वर्ष 2025 में जिला हॉकी संघ राजनांदगांव द्वारा लीग हॉकी प्रतियोगिता जनवरी माह में आयोजित होना बताया।

आगामी 22 से 29 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ लीग हॉकी प्रतियोगिता के लिए पत्र प्राप्त होने की जानकारी दी गई। जिसमें जिला हॉकी संघ ने हरसंभव मदद करने की बात कही।

अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने जानकारी प्रेषित की विगत दिनों कलेक्टोरेट सभा में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया है कि ओलंपिक खेल में शामिल खेल के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्पर्धा में भाग लेने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को दिग्विजय स्टेडियम समिति द्वारा राशि (भत्ता) देने की सहमति बनी है। राशि का लाभ खेल संघ का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय खिलाड़ियों को ही मिलेगा। इस निर्णय के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल सहित समिति सदस्यों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले स्थानीय जिले के जूनियर व सब जूनियर वर्ग के खिलाड़ियों को जिला हॉकी संघ की ओर से 500-500 रुपए प्रोत्साहन राशि देने का निर्णय लिया गया।साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि जो खिलाड़ी प्रदेश के बाहर ट्रायल दिलाने जाएगा, उनके आने-जाने का किराया व दैनिक भत्ता जिला हॉकी संघ द्वारा दिया जाएगा। स्थानीय निर्णायक शकील अहमद को हीरो हॉकी इंडिया लीग में निर्णायक के रूप में चयनित होने व तरूण यादव, तौफीक अहमद और सुखदेव निर्मलकर को वनरक्षक पद पर नियुक्ति प्राप्त होने पर शुभकामनाएं दी गई।

बैठक में जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष फिरोज अंसारी, सचिव शिवनारायाण धकेता, नीलमचंद जैन, आशा थामस, गणेश प्रसाद शर्मा, कुमार स्वामी, अब्दुल कादिर, महेन्द्र ठाकुर, प्रिंस भाटिया, ममता गुप्ता, अनुराज श्रीवास्तव, मृणाल चौबे, तुलसी सिन्हा, शकिल अहमद, जावेद खान, आशिष सिन्हा, खुशाल यादव, मनीष सोनी, कृष्णा यादव आदि उपस्थित थे।



### तीन महिला खिलाड़ी ने शहर को किया गौरवान्वित

संघ के सचिव शिवनारायण धकेता ने बताया कि इस वर्ष हॉकी नर्सरी के तीन महिला खिलाड़ी भूमिका, अनीशा और आंचल ने राष्ट्रीय हॉकी शिविर में जगह बनाई है। जिसमें अनीशा साहू और भूमिका साहू ने राष्ट्रीय हॉकी टीम में जगह बनाई है। साथ ही सीनियर पुरूष वर्ग में 7 सीनियर, महिला वर्ग में 6 जूनियर, बालक वर्ग में 4 जूनियर, बालिका वर्ग में 6, सब जूनियर बालक वर्ग में 6 तथा सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 कुल 38 खिलाड़ियों ने हॉकी इंडिया की राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में भाग लेकर शहर को गौरान्वित किया। उक्त खिलाड़ियों का सम्मान संघ की आगामी आमसभा में किया जाएगा।

## क्रिसमस रैली...



**राजनांदगांव।** क्रिसमस पर्व के उपलक्ष्य में शहर में बाइक रैली निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

## अल्बर्ट की पेंटिंग दिल्ली और मुंबई में प्रदर्शित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी के कलाकार अल्बर्ट श्रीवास्तव की दो पेंटिंग एक ही समय में दो महानगरों दिल्ली और मुंबई में प्रदर्शन के लिए चयनित हुई।

10 दिसम्बर को दिल्ली के आल इंडिया फाईन आर्ट्स एंड क्राफ्ट्स सोसायटी के गैलरी में प्रदर्शित हुई और मैसेंजर टाईटल के इस पेंटिंग को 15000 रुपए का कैश अवार्ड मिला। वहीं 10 दिसम्बर को ही विश्व प्रसिद्ध जहांगीर आर्ट गैलरी मुंबई में इंट्यूशन टाईटल की पेंटिंग को प्रफुल्ला धनुकर आर्ट फाउंडेशन द्वारा आयोजित प्रेरणा आर्ट एक्जीविशन में स्थान मिला। अल्बर्ट श्रीवास्तव इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय से फाईन आर्ट में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त एक बहुमुखी कलाकार हैं, जो ऐक्रेलिक, वॉटर कलर और चारकोल सहित विभिन्न माध्यमों में निपुण हैं। मानव आकृतियों पर केंद्रित उनके चित्रण में जटिल विचारों और भावनाओं को कैनवास पर कुशलता से उकेरा जाता है। उनका कार्य मानव अनुभव की गहन खोज है, जो रूप और भावना के सूक्ष्म मेल को दर्शाता है। रंग और बनावट के गतिशील उपयोग के माध्यम से उनका कला-सफर चित्रात्मक कला की अभिव्यक्तिपूर्ण शक्ति का प्रमाण है, जो माध्यम और तकनीक की सीमाओं को निरंतर आगे बढ़ाता है। अल्बर्ट श्रीवास्तव राजनांदगांव के आमोद श्रीवास्तव एवं श्रीमती शोभांजलि श्रीवास्तव के सुपुत्र हैं। इनके पेंटिंग की प्रदर्शनी देश के सभी महानगरों के प्रतिष्ठित आर्ट गैलरी के अलावा नीदरलैंड के आर्ट गैलरी में भी प्रदर्शित हो चुकी है।




## आर्थिक, सामाजिक जानकारी लेने पहुंचे निरूपम

**मोहला।** भारत सरकार के पूर्व मंत्री एवं वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य निरूपम चकमा अपनी टीम के साथ अंबागढ़ चौकी विकासखंड के आश्रित ग्राम धानापायली व कौड़ीकसा ग्राम में बसे सोनझरी जाति की आर्थिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक रहन-सहन की हकीकत जानने पहुंचे थे।

मिजोरम शासन में पांच बार के विधायक, पूर्व सांसद व केन्द्र सरकार में मंत्री की भूमिका का निर्वहन करने वाले निरूपम चकमा जो वर्तमान में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य हैं, जिन्होंने चौकी विकासखंड के अंतर्गत ग्राम धानापायली व कौड़ीकसा पहुंचे थे। श्री चकमा सोनझरी जाति के लोगों के घर-घर जाकर उनके कुल देवता, रहन-सहन, वस्त्र, आभूषण, खानपान, आय के प्रमुख स्त्रोतों, शिक्षा, शासकीय सेवा एवं स्वास्थ्य की जानकारी ली। सोनझरी समाज के लोगों ने बताया कि मुख्य व्यवसाय धरती से सोना निकालना है। नदी-नाले के किनारे ही रहकर जीवनयापन करते थे तथा लड़का-लड़कियों का रिश्ता तय कर लेते थे। स्थायी निवास नहीं होने के कारण वंशावली नहीं मिल पाती। जिससे जाति प्रमाण पत्र नहीं बन पाती। जिससे छात्रवृत्ति नहीं मिलती। शिक्षा भी प्राप्त नहीं कर पाते। निरूपम चकमा ने सोनझरी समाज के साथ ग्रामीणों को संबोधित करते कहा कि सोनझरी समाज द्वारा मांग किया गया था कि रहन-सहन के संस्कृति के आधार पर अनुसूचित जनजाति वर्ग का दर्जा प्रदान किया जाए। शासकीय योजनाओं का लाभ मिल रहा कि नहीं, बैंक में खाता खुलवाए हैं कि नहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की जानकारी के साथ स्वास्थ्य सुविधाओं के लाभ की जानकारी ली। श्री चकमा ने कहा कि भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति मंत्रालय द्वारा लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस अवसर पर परवा चकमा वरिष्ठ अन्वेषक, पीके दास अनुसंधान अधिकारी रायपुर, पी. कल्याण रेड्डी अनुसंधान अन्वेषक नई दिल्ली गुभाव अनुसूचित जनजाति आयोग सचिव, आकाश त्रिपाठी अन्वेषक दिल्ली, पीसी लहरे सहायक आयुक्त मोहला-मानपुर-अं. चौकी, दिनेश साहू नायाब तहसीलदार, टीआर कोसमा, टीएस कारटे उपस्थित थे। ग्राम के चिंताराम घावड़े, पन्नालाल मंडावी, रोहिदास, सुलेमान, दानेश्वरी, युवराज तारम सरपंच-सचिव के अलावा गणमान्य ग्रामवासियों की उपस्थिति रही।



### पन्नाबाई को मिलेगा शीघ्र पेंशन

आदिवासी कन्या आश्रम में कार्यरत सोनझरी समाज के पन्नाबाई का सेवानिवृत्त हुए आठ महीने बीत गए, लेकिन सेवाकाल की जमा राशि नहीं मिल सका है। पेंशन प्रकरण भी लंबित है। जिसकी शिकायत पर उपस्थित सहायक आयुक्त पीसी लहरे ने दो दिन में निराकरण करने का आश्वासन दिया।

